नई दिल्ली
मंगलवार
07 मई, 2024
वर्ष: 10, अंक: 245
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु0
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की

DELHIN/2014/58158

मोदी के 400 पार नारे की निकल गई है...पेज-08

लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और... पेज-05

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

वाईएसआरसीपी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई: मोदी

राजमुंदरी,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश की जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि वाईएसआर कांग्रेस के पास पूरे पांच वर्षों का अवसर था लेकिन उन्होंने इन पांच वर्षों को बर्बाद कर दिया और आंध्र को विकास में पीछे धकेल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वेमागिरी गांव में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके वोट से आंध्र प्रदेश की विकास यात्रा का एक नया अध्याय शुरू होगा। एनडीए निश्चित रूप से लोकसभा चुनावों के साथ-साथ राज्य की विधानसभा चुनावों में भी रिकॉर्ड बनाएगा। यह एक विकसित आंध्र प्रदेश और एक विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

राज्य में जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, वाईएसआरसीपी शराबबंदी का वादा करके आंध्र की सत्ता में आई थी, लेकिन राज्य सरकार खुद शराब और भ्रष्टाचार में शामिल है। यहां शराब का बड़ा सिंडिकेट चल रहा है। आंध्र सरकार रेत माफिया और शराब माफिया द्वारा चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है जबकि विकास कार्य ठप है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाईएसआरसीपी ने राज्य में तीन राजधानियां बनाने का वादा किया था लेकिन वह एक भी नहीं बना सकी। ये लोग तीन राजधानियों की आड़ में बड़ी लूट में शामिल हो गए और इनके बनने से पहले ही उन्होंने सरकार का खजाना खाली कर दिया। श्री मोदी ने कहा कि वे केवल 'भ्रष्टाचार' का प्रबंधन कर सकते हैं और वाईएसआर कांग्रेस के कार्यक्षेत्र में कोई वित्तीय प्रबंधन नहीं है। प्रधानमंत्री ने पोलावरम परियोजना को आंध्र प्रदेश के लिए एक जीवन रेखा बताते हुए पोलावरम परियोजना का काम रूकने पर दुख व्यक्त किया। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पोलावरम परियोजना के लिए पहले ही



15,000 करोड़ रुपये प्रदान कर चुकी है। हालांकि वाईएसआर कांग्रेस सरकार नहीं चाहती कि वह आगे बढ़े। आज किसान सिंचाई की कमी से जुझ रहे हैं। किसानों को धान का उचित मूल्य भी नहीं प्राप्त हो रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि चार जून के बाद आंध्र प्रदेश की एनडीए सरकार इन सभी समस्याओं का समाधान करेगी। उन्होंने कहा, आशा और विश्वास के साथ, मोदी आंध्र प्रदेश के भविष्य की ओर देख रहा है। आंध्र प्रदेश के भविष्य के लिए 13 मई को आपको वोट करना है। इस बार, आंध्र प्रदेश में मोदी की %गारंटी% है, चंद्रबाबू नायडू का नेतृत्व है और पवन कल्याण में हमारा भरोसा है। हमारी जीत आंध्र प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएगी। प्रधानमंत्री ने इंडिया समूह की कड़ी निंदा करते हुए कहा, झारखंड के निजी सचिव से लेकर झारखंड के मंत्री तक के घरेलू नौकर के पास से नोटों के पहाड़ बरामद किए गए, यह जनता से चुराया गया धन है और यह पहली बार नहीं है। इससे पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से नोटों का और भी बड़ा पहाड़ मिला था। इतने नोट थे कि मशीनें भी उन्हें गिनते-गिनते थक गई थीं।

लोस चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आज

सभी तैयारियां पूरी

नई दिल्ली,एजेंसी। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान कल (मंगलवार) होगा। इस चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों (सामान्य-72, एसटी-11, एससी-10) पर कुल 1331 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश की बैतूल सीट के आठ उम्मीदवार भी हैं।

चुनाव आयोग कल होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए पूरी तरह तैयार है। मौसम की स्थिति सामान्य रहने का अनुमान है। आम चुनाव के पहले दो चरणों में 189 सीटों के लिए सुचारु और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान कल सुबह 7 बजे से 6 बजे तक रहेगा। कुछ स्थानों में मतदान समाप्ती का समय अलग है। विशेष बात है कि इस चरण में मतदान प्रक्रिया और प्रबंधन का अनुभव लेने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी प्रतिनिधि भी आएंगे। अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 23 देशों के 75 प्रतिनिधि छह राज्यों में मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे। इस चरण में लगभग 18.5 लाख मतदान अधिकारी 1.85 लाख मतदान केंद्रों पर 17.24 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। मतदाताओं में 8.85 करोड़ पुरुष और 8.39 करोड़ महिलाएं हैं। 85 से अधिक वर्ष के 14.04 लाख, 100 वर्ष से अधिक के 39,599 मतदाता और 15.66 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से मतदान करने का विकल्प भी दिया गया है।

चुनाव आयोग की तैयारियों की बात की जाए तो इस चरण में 264 पर्यवेक्षक (101 सामान्य पर्यवेक्षक, 54 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4303 उड़न दस्ते, 5534 निगरानी दल, 1987 वीडियो निगरानी दल और 949 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। कुल 1041 अंतरराज्यीय और 275 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां किसी भी अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। तीसरे चरण के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह (गांधीनगर), केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (धारवाड़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव (मैनपुरी), कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी (बेहरामपुर), एआईयूएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल (धुबरी), कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़), एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले (बारामती) समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

एक नजर

वी के सक्सेना ने की केजरीवाल के ख़िलाफ़ एनआईए जाँच की सिफ़ारिश

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जांच की सिफारिश की है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उपराज्यपाल सचिवालय ने कहा कि श्री सक्सेना को शिकायत मिली थी कि श्री केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। पत्र में कहा गया है कि उपराज्यपाल को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया। उपराज्यपाल ने अपने पत्र ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि श्री केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

पीएम मोदी, अमित शाह गुजरात में करेंगे मतदान

गांधीनगर,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमितभाई शाह और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई दिग्गज नेता मंगलवार को तीसरे चरण के दौरान गुजरात में मतदान करेंगे। श्री मोदी मंगलवार को सुबह 0730 बजे अहमदाबाद के राणीप में अंबिका चार रास्ता निशान विद्यालय में, श्री शाह सुबह 0915 बजे अहमदाबाद के नारणपुरा में कामेश्वर महादेव के पास, सब जोनल कार्यालय रूम नंबर-1 में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के तहत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.आर.पाटिल सुबह 0830 बजे सूरत के भटार में उमा भवन के पास उत्तर गुजरात स्कूल में नवसारी लोकसभा क्षेत्र के तहत, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल सुबह 0830 या 0930 बजे अहमदाबाद में शीलज के शीलज प्राइमरी स्कूल बूथ नंबर 99 में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के तहत मतदान करेंगे। इसी तरह केंद्रीय मंत्री परषोत्तमभाई रूपला सुबह 0700 बजे अमरेली में मु. ईश्वरिया के प्राइमरी स्कूल में अमरेली लोकसभा क्षेत्र के तहत , केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया सुबह 0800 बजे पलिताणा में अणोल के सरकारी हाई स्कूल में भावनगर लोकसभा क्षेत्र के तहत और पूर्व मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी सुबह 0800 बजे राजकोट में रैया रोड, ब्रह्म समाज के पास अनिल ज्ञानमंदिर में राजकोट लोकसभा क्षेत्र के तहत मतदान करेंगे।

मोदी से पूछना, क्यों आरक्षण खत्म करना चाहते हैं उनके लोग: राहुल

सेगांव (खरगोन),एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में मंगलवार को प्रस्तावित चुनावी दौरे के एक दिन पहले आज यहां आए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आदिवासीबहुल इस क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ा देगी और कल सभी लोग प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रवास के दौरान उनसे सवाल करें कि क्यों उनके लोग आरक्षण को रद्द करने की बात करते हैं। श्री गांधी यहां पार्टी के खरगोन और खंडवा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी खरगोन क्षेत्र में कल प्रधानमंत्री श्री मोदी की भी चुनावी सभा होने वाली है।

पूर्व कांग्रेस प्रमुख श्री गांधी ने कहा कि ये संविधान बचाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन बना लिया है, वे संविधान बदलना और इसे रद्द करना चाहते हैं। संविधान खत्म हुआ तो आदिवासियों को मिला सब कुछ खत्म हो जाएगा। हिंदुस्तान में 22-25 अरबपतियों का राज होगा। अरबपतियों की आंख आदिवासियों के जल जंगल जमीन पर है। ये सब छीन कर अरबपतियों के हवाले कर दिया

जाए। उन्होंने कहा कि ये अरबपति प्रधानमंत्री के खास मित्र हैं। प्रधानमंत्री अदाणी को जल जमीन जंगल देना चाहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कल यहां आएंगे, उनसे कहिएगा, %खटाखट खटाखट खटाखट%। उनके भाषण में उन्हें बताइएगा कि जो आपने अरबपतियों के लिए किया, वो राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे गरीबों के लिए करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये (भाजपा) आदिवासियों का अपमान करते हैं और फिर आपका वोट मांगते हैं, आप लोग इस चुनाव में उन्हें सबक सिखाइए। कांग्रेस की सरकार आने पर 50 फीसदी आरक्षण की सीमा को रद्द करके आरक्षण बढ़ाया जाएगा।

छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना जरूरी: द्रौपदी मुर्मु

नई दिल्ली,एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि प्रौद्योगिकी और कौशल के क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों को देखते हुए छात्रों को 21 वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाना होगा। श्रीमती मुर्मू ने धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है लेकिन अब इसकी गति बहुत तेज़ है।

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल भी बहुत तेज़ी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी के शुरू में कोई नहीं जानता था कि अगले 20 या 25 वर्षों में लोगों को किस तरह के कौशल की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, कई मौजूदा कौशल अब भविष्य में उपयोगी नहीं रहेंगे, इसलिए हमें लगातार नए

कौशल अपनाने होंगे। युवाओं को इस तरह से ढाला जाना चाहिए कि वे तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बैठा सके। हमें छात्रों में सीखने की जिज्ञासा और इच्छा को मजबूत कर उन्हें 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो छात्रों को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाए और उनके चरित्र तथा व्यक्तित्व का निर्माण करे। शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में अपनी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस संबंध में शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उनका कार्य क्षेत्र केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं है, उन पर देश के भविष्य के निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। श्रीमती मुर्मु ने कहा, हमारा ध्यान 'क्या सीखें' के साथ-साथ 'कैसे सीखें' पर भी होना चाहिए उन्होंने कहा कि जब छात्र बिना किसी तनाव के स्वतंत्र रूप से सीखते हैं, तो उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उड़ान मिलती है।

गृह सचिव ने स्कूलों में बम की धमकी वाली ईमेल की समीक्षा की

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने पिछले सप्ताह राजधानी के कई स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिलने के संबंध में सोमवार को स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय गृह सचिव ने भविष्य में इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक प्रोटोकॉल और मानक प्रक्रिया तैयार किए जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने दिल्ली पुलिस और स्कूलों से इस तरह की स्थिति का प्रभावशाली ढंग से जवाब देने के लिए परस्पर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गलत जानकारी से अफरा तफरी का माहौल न बने। श्री भल्ला ने सुरक्षा बढ़ाने की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे की संख्या बढ़ने और स्कूलों में ईमेल पर नियमित रूप से नजर रखे जाने पर भी जोर दिया। दिल्ली के मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस आयुक्त ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में है: योगी

संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन को रामद्रोही (राम-विरोधी) और राष्ट्रद्रोही (राष्ट्र-विरोधी) बताया। अपने आधिकारिक आवास पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान अयोध्या में भगवान राम लला के दर्शन करने को लेकर पार्टी सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस नेता राधिका खेड़ा के कथित अपमान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, यह घटना दिखाती है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और आईएनडीआई गठबंधन के डीएनए में %रामद्रोह% है और जो भी %रामद्रोही% है, वह %राष्ट्रद्रोही% भी है। छत्तीसगढ़ भगवान राम का है और कोई भी राम भक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है।

उन्होंने कहा, यह इंडी गठबंधन का चरित्र है। उन्होंने हमेशा भगवान राम और उनके भक्तों का अपमान किया है। वे बहुसंख्यक

समुदाय को अपमानित महसूस कराने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। चाहे वह कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कॉन्फ्रेंस हो या द्रमुक हो इन सभी का आचरण निंदनीय हैं और इन पार्टियों का ये रामद्रोही आचरण ही इन्हें रसातल में धकेल रहा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया की नजरों में भारत को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ा और न ही हिंदू धर्म को नीचा दिखाने में संकोच किया।उन्होंने लोगों से राष्ट्र के हित में उनके प्रति दिखाए गए स्नेह की परवाह किए बिना, रामद्रोही व्यवहार को राष्ट्रविरोधी (राष्ट्र-विरोधी) मानने का आग्रह किया। उन्होंने उल्लेख किया कि जनता सतर्क है और अपने विवेकपूर्ण निर्णय ले रही है।

इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जितना बड़ा राम भक्त उतना ही बड़ा राष्ट्र भक्त (देशभक्त) होने की गारंटी देता है, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राम भक्ति का प्रतीक और राष्ट्र भक्त बताया। 500 साल के इंतजार के बाद, अयोध्या का लंबे समय से संजोया गया सपना आखिरकार राम लला के एक बार फिर शहर की शोभा बढ़ाने के साथ पूरा हुआ। अयोध्या का यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज, नई अयोध्या हमारे सामने एक नए अध्याय का अनावरण करती है। उन्होंने कहा, अयोध्या में पीएम मोदी की उपस्थिति ने न केवल देश बल्कि दुनिया भर के राम भक्तों को प्रभावित किया। लाखों भक्तों ने पीएम मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार किया और अयोध्या में उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

कथित भूमि घोटाला: हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली,एजेंसी। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देते हुए सोमवार को शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष श्री सोरेन का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने रखा।उन्होंने लोकसभा के लिए 13 अप्रैल से शुरू और एक जून के अंतिम चरण के होने वाले मतदान के साथ ही अनुच्छेद 32 के तहत पहले दायर

अपनी याचिका का जिक्र करते हुए (उच्च न्यायालय के आदेश के बाद दायर) विशेष अनुमति याचिका पर शीघ्र सुनवाई के अनुरोध पर किया।

इस पर पीठ उनसे कहा कि वह दोनों याचिकाओं के संबंध में ईमेल संदेश के जरिए सूचित करें। झारखंड उच्च न्यायालय ने श्री सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका तीन मई को खारिज कर दी थी। अदालत ने इस मामले में सुनवाई पूरी कर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर श्री सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। साथ ही, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि उच्च न्यायालय छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह से पहले चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है।यह आदेश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने 29 अप्रैल को पारित करते हुए इस मामले को अगले छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।

लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही मोदी सरकार: आप

मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है और संविधान को मिट्टी में मिला रही है।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने आज कहा कि भाजपा की सरकार बदगुमानी में सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है और संविधान को मिट्टी में मिला रही है। भाजपा अपनी दूषित राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक नीचे जाने को तैयार है लेकिन सत्य पर भाजपा का कोई नियंत्रण नहीं है। हमने मुण्डकोपनिषद् में भी यही पढ़ा है कि आखिरकार सत्य की ही जीत होती है और ये युगों-युगों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से' को प्रतिबंधित कराने की साजिश रच रही भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा के तमाम हथकंडे अपनाने के बाद भी आखिरकार सत्य की जीत हुई और चुनाव आयोग ने बिना किसी बदलाव के ''आप'' के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से' को अधिकारिक मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके। इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव आयोग को हमारे कैंपेन सॉन्ग को अनुमति देनी पड़ी। हमने आयोग की किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसकी आपत्ति पर ही सवाल उठाया। श्री पांडे ने कहा कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है कि उसमें जिस जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है वह ठीक नहीं है। जबकि हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। इससे ज्यादा लोकतांत्रिक बात और क्या होगी ? हमें हंसी आती है, जब चुनाव आयोग इसे न्यायपालिका पर आक्रमण जैसा बताता है। लोकतंत्र में वोट से बड़ी कोई ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि दो मई को चुनाव आयोग की तरफ से हमारे कैंपेन सॉन्ग के अप्रूवल लेटर के आने के बाद से हमने इसे आधिकारिक तौर पर इस्तेमाल करना शुरु कर दिया है। इस गाने को बिना किसी बदलाव के अनुमति दी गई है।

हाईकोर्ट ने जामिया से आवासीय कोचिंग अकादमी में ओबीसी, ईडब्ल्यूएस को प्रवेश देने के मामले पर निर्णय लेने को कहा

सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे

नई दिल्ली, 06 मई (वेब वार्ता)। दिल्ली होईकोर्ट ने सोमवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से उसकी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित छात्रों के प्रवेश की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर प्रतिनिधित्व के रूप में निर्णय लेने को कहा है। याचिकाकर्ता ने प्रस्तुत किया कि आरसीए, जो सिविल सेवा के उम्मीदवारों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है, केवल महिलाओं और अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों को पूरा करता है, जबकि अन्य वंचित श्रेणियों को मनमाने ढंग से बाहर करता है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता, कानून के छात्र सत्यम सिंह ने बिना किसी पूर्व प्रतिनिधित्व के सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया और विश्वविद्यालय से जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानकर निर्णय लेने को कहा। न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा वाली पीठ ने कहा कि, यह अदालत प्रतिवादी नंबर 1 (जेएमआई) को इसे एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने और चार सप्ताह में कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश के साथ वर्तमान रिट याचिका का निपटारा करती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लोग भी पिछड़े हैं और उन्हें मुफ्त कोचिंग का लाभ दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पोद्दार और वकील आकाश वाजपेई और आयुष सक्सेना ने किया। उन्होंने याचिका में कहा कि आरसीए की वर्तमान प्रवेश नीति मनमानी है और ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के साथ भेदभाव करती है, जिनके पास सीमित वित्तीय साधन हैं और वे मुफ्त कोचिंग के हकदार हैं। वहीं याचिकाकर्ता ने कहा कि अल्पसंख्यक/एससी/एसटी/महिला वर्ग से आने वाले छात्र, भले ही वे आर्थिक रूप से संपन्न हों, प्रतिवादी संख्या 3 द्वारा स्थापित और वित्त पोषित मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश पा सकते हैं। वहीं ईडब्ल्यूएस और ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) छात्र जिनके पास सीमित वित्तीय साधन हैं और आरसीए में प्रवेश के योग्य हैं, उन्हें आवासीय कोचिंग अकादमी में आवेदन करने से भी बाहर रखा गया है। याचिका में आगे कहा गया कि कोचिंग योजना के लिए यूजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों में ओबीसी छात्रों के साथ-साथ ईडब्ल्यूएस छात्र भी शामिल हैं और इसलिए आरसीए, जो यूजीसी द्वारा वित्तपोषित है, उनके साथ भेदभाव नहीं कर सकता है।

दक्षिणी दिल्ली में पिकेट चेकिंग के दौरान ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इन दिनों दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। दिल्ली के तमाम संवेदनशील इलाकों में दिल्ली पुलिस के द्वारा गश्त तेज कर दी गई है। ताजा मामला दक्षिण दिल्ली जिले के नए सराय थाने इलाके का है जहां की पुलिस टीम ने एक शातिर ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहम्मद आसिफ पुत्र कादिर अहमद निवासी राजू पार्क नई दिल्ली उम्र 34 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी मोहम्मद आसिफ पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है उसके कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। मामले की जानकारी देते हुए दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि जिले में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिले के तमाम पुलिस कर्मियों को कार्य सौंपा गया था। उसके तहत एसएचओ नेब सराय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और टीम के द्वारा इलाके में गश्त तेज कर दी गई और स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर कई अहम जानकारियां जुटाई गई। टीम बांध रोड पर पिकेट लगाकर चेकिंग कर रही थी इस दौरान पिकेट स्टाफ ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर आते हुए देखा जिसके बाद उस रुकने का इशारा किया गया। पुलिस की मौजूदगी को भांपकर उसने वहां से भागने की कोशिश की हालांकि सतर्क पुलिस कर्मियों के द्वारा उसे पकड़ लिया गया। जब उससे उसके ठिकाने के बारे में पूछा गया और उससे बाइक के कागजात दिखाने को कहा तो वह इस विषय पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका पुलिस कर्मियों द्वारा बाइक की जांच की गई तो बाइक चोरी की पायी गई।

एसएसबी के कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के आर के पुरम इलाके में एक एसएसबी के जवान की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मरने वाले की पहचान मुकेश कुमार (35) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपित की पहचान करने में जुटी हुई है।

दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी रोहित मीणा ने बताया बीती देर रात 2.39 बजे पुलिस को मिली कि आरके पुरम के सेक्टर 4 स्थित डीएमएस बूथ के पास एक युवक को चाकू मार दिया है। खबर मिलने पर लोकल पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर पता चला कि नीरज नाम का व्यक्ति दो दोस्तों के साथ घायल को नजदीकी अस्पताल लेकर गया है। जहां डॉक्टरों ने घायल मुकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि मुकेश कुमार

एसएसबी में कांस्टेबल थे और ड्राइवर का काम करते थे। बीती देर रात एक ऑटो ड्राइवर के साथ उनका झगड़ा हुआ था। इस दौरान ऑटो ड्राइवर ने उनपर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। उसे पकड़ने के लिए दो टीम बना दी गई है, जो उसके ठिकाने का पता लगा करके उसे दबोचने के लिए छापा मार रही है।

पुस्तक समीक्षा

'आपकी MOJO CREATIVITY को अनलॉक करेगी अब ये मास्टरपीस गाइड, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर कंटेंट निर्माण में मददगार'

यह गाइडबुक वास्तव में काफी महत्वपूर्ण है, जो पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए मोबाइल कंटेंट निर्माण के बारे में गहराई से जानकारी प्रदान करता है... क्या आपने इसे पहले से खरीद लिया है, या आप अभी खरीदने की सोच रहे हैं ? अगर खरीदे के लिए सोच रहें हैं तो जल्दी करें यह क़िताब आपकी जिंदगी को बदलने वाला हैं...

मास्टरपीस गाइड के साथ आप अपनी MOJO CREATIVITY को अनलॉक कर सकते हैं फोटोग्राफी में रंग, ज्योति और अंधेरे को सही ढंग से संतुलित करता है, इससे आपकी तस्वीरों में वास्तविकता और गहराई आती है। इसका उपयोग करके आप अपनी क्रिएटिविटी को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं...



यह गाइडबुक वास्तव में बहुत महत्वपूर्ण धारणाओं का संग्रह है, जो कंटेंट निर्माण के लिए मोबाइल फोन की उपयोगिता को समझने में मदद करता है.. यहाँ तक कि ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर पब्लिकेशन तक का हर पहलू कवर किया गया है, इससे न केवल नई समझ बढ़ती है, बल्कि भविष्य में भी कंटेंट निर्माण में मदद मिलती है...

विज़ुअल व्याकरण वास्तव में एक महत्वपूर्ण कला है जो दर्शकों को कहानी में विश्वसनीयता और रंगीनता भर देती है.. यह न केवल दृश्यों की रचना और संरचना को सुनिश्चित करता है, बल्कि उसका उचित उपयोग भी कहानी की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को प्रकट करता है...

आपने व्यापक रूप से संदेह किए बिना, फिल्म उत्पादन के प्रत्येक पहलू को समाहित कर दिया है.. प्री-प्रोडक्शन से लेकर पोस्ट-प्रोडक्शन और स्क्रिप्टिंग तक, यह सभी प्रक्रियाएँ एक फिल्म या वीडियो प्रोजेक्ट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं...

यह सुन्दर है कि आप ऐसी एक पुस्तक के बारे में विचार कर रहे हैं जो नैतिक दृष्टिकोण के साथ मोबाइल पत्रकारिता और कंटेंट उत्पादन को समझाती है। यह लेखकों और क्रिएटर्स को जिम्मेदारी से आगे बढ़ने में मदद कर सकती है।

अमित शाह का डीपफेक वीडियो मामला : आरोपी अरुण रेड्डी को कोर्ट ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, जमानत पर सुनवाई आज

शबाना बेगम, सद्भावना टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के डीपफेक वीडियो के मामले में गिरफ्तार अरुण रेड्डी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अरुण रेड्डी ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 7 मई यानि मंगलवार को होगी। अरुण रेड्डी की पुलिस हिरासत आज खत्म हो रही थी जिसके बाद उसे ड्यूटी मजिस्ट्रेट नेहा गर्ग के समक्ष पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट से अरुण रेड्डी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की। तब ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि ये मामला दूसरे मजिस्ट्रेट के समक्ष जाएगा इसलिए आप आरोपी को कल संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कीजिए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने अरुण रेड्डी को कल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बता दें कि कोर्ट ने 4 मई को अरुण रेड्डी को सोमवार तक की पुलिस हिरासत में भेजा था। उसे 3 मई को गिरफ्तार किया गया था। अरुण रेड्डी ट्विटर हैंडल 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' को संचालित करता है। वह कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल का नेशनल को-ऑर्डिनेटर है। पुलिस के मुताबिक अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाने में अरुण रेड्डी की

भूमिका है। इस वीडियो को वायरल करने में भी उसकी खासी भूमिका है। अरुण रेड्डी पर मोबाइल से सबूत मिटाने का भी आरोप है। दिल्ली पुलिस ने रेड्डी का फोन जब्त कर जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है। अमित शाह का आरक्षण को लेकर एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें अमित शाह ने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को हटाने की बात कही थी। अमित शाह ने इसका खंडन करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा था। उसके बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना कांग्रेस के पांच सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। पांचों को हैदराबाद के ट्रायल कोर्ट ने दस-दस हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी और उन्हें अगले आदेश तक जांच अधिकारी के सामने पेश होने का आदेश दिया था।

पुलिस की गिरफ्त से हत्या का आरोपी फरार, पेशाब करने के बाद शौचालय की खिड़की से कूदा

नई दिल्ली। हत्या के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी लोधी कॉलोनी पुलिस थाने के शौचालय की खिड़की से कूदकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शनिवार रात की है, जब हत्या के आरोपी सलमान उर्फ राजा को दो दिन की पुलिस हिरासत के दौरान पुलिस स्टेशन लाया गया था।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सलमान की सुरक्षा पुलिस स्टेशन में तैनात एक हेड कांस्टेबल रवि द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा, उसने रवि से उसे शौच करने की अनुमति देने का अनुरोध किया, लेकिन वह उसे धक्का देकर और ग्राउंड फ्लोर पर बने शौचालय की खिड़की से कूदकर भाग गया। अधिकारी ने बताया कि सलमान को 19 अप्रैल को लोधी कॉलोनी इलाके में एक कथित हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने कहा कि उनके बीच रुपये के लेन-देने को लेकर हुए विवाद के बाद उसने कथित तौर पर पीड़िता को बालकनी से नीचे फेंक दिया था। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि पुलिस हिरासत से भागने के आरोप में सलमान के खिलाफ आईपीसी की धारा 224 (किसी व्यक्ति द्वारा उसकी वैध गिरफ्तारी में प्रतिरोध या बाधा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि सलमान को पकड़ने के लिए टीमें गठित की गई हैं और यह पता लगाने के लिए आंतरिक जांच भी शुरू कर दी गई है कि वह किन परिस्थितियों में भागने में सफल रहा।

5000 करोड़ के साइबर क्राइम में ईडी का बड़ा एक्शन, फरीदाबाद बैंक के लॉकर से 20 किलो सोना बरामद

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर जालसाज पुनित कुमार के इंडियन बैंक के फरीदाबाद स्थित बल्लभगढ़ शाखा में अपनी मां के नाम पर रखे गए लॉकर से 14.04 करोड़ रुपये मूल्य का 19.500 किलोग्राम सोना बरामद और जब्त किया है। इस लॉकर की तलाशी विशिष्ट इनपुट के आधार पर की गई थी। इनपुट में कहा गया था कि विभिन्न साइबर अपराधों से अर्जित आय को पुनित कुमार ने अपनी मां के नाम पर इंडियन बैंक में रखे गए लॉकर में सोने के रूप में छुपाया है। उन्हें 3 अप्रैल को नेपाल से वापस आते समय आईजीआई हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। ईडी को उनकी 12 दिनों की हिरासत दी गई थी और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

कई छापेमारी में करोड़ों की संपत्ति जब्त

इसके अलावा, इसी साल फरवरी और मार्च महीनों में 14 परिसरों में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत की गई तलाशी में कुल 8.00 किलोग्राम वजन वाली विदेशी निर्मित सोने की छड़ें सहित कई संपत्तियां जब्त की गईं, जिनकी कीमत 5.04 करोड़ रुपये है। वहीं पुनीत कुमार के परिसर से 75 लाख नकदी, आभूषण, उच्च-स्तरीय लक्जरी घड़ियां, मर्सिडीज, ऑडी और किआ जैसी लक्जरी कारें और इसके साथ आपत्तिजनक दस्तावेज और सबूत वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए।

अपराध से अर्जित आय को विदेश भेजा

पुलिस की जांच से पता चला है कि पुनित कुमार, आशीष कक्कड़ और अन्य ने साइबर अपराधों के माध्यम से विदेशों से आय अर्जित की है। अपराध के अर्जित आय को पाने के उद्देश्य से आरोपियों ने एसईजेड मुंद्रा, एसईजेड जैसे विभिन्न विशेष आर्थिक क्षेत्रों में दुबई, हांगकांग, चीन आदि से उच्च मूल्य की वस्तुओं जैसे रोज ऑयल, सोलर पैनल मशीनरी आदि की बड़ी खेपों का आयात किया। बाद में एसईजेड से ही इसका निर्यात किया गया। इस तरह, वे हवाला लेनदेन के उद्देश्य से आयात-निर्यात के माध्यम से सर्कुलर ट्रेडिंग में भी शामिल है। ईडी ने कहा कि पुनीत कुमार 2020 से 2024 की अवधि के बीच भारत में साइबर अपराधों और ऑनलाइन गेमिंग के जरिए 4,978 करोड़ रुपये की अवैध आय अर्जित की, जिसे विदेशों में भेज दिया गया।

नीरज बवानिया का करीबी सरगना सद्दाम उर्फ गौरी गिरफ्तार

शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर नीरज बवाना के करीबी सरगना परवेज उर्फ सद्दाम उर्फ गोरी उर्फ गौरी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पहले हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती जैसे 20 से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। 2014 में बागपत में गैंगस्टर अमित भूरा को यूपी पुलिस की हिरासत से भगाने में आरोपित ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

इस मामले में बाद में, उसे बागपत पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपित गौरी के नाम से अपना गिरोह संचालक रहा है और वर्तमान में उसके गिरोह में लगभग 25 सदस्य हैं। वर्तमान में आरोपित हरि नगर थाने के मकोका के मामल में पैरोल पर बाहर था और अपने प्रतिद्वंद्वी सनी जसवंत की हत्या करने की योजना बना रहा था। आरोपित के पास से एक लोडेड पिस्टल 7.65 बोर, एक लोडेड पिस्टल 7.62 बोर और एक अलग मैगजीन 7.62 बोर और कुल 12 कारतूस बरामद किए गए हैं। अपराध शाखा के डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि चार मई को एएसआई संजय गुप्त सूचना प्राप्त करने के लिए गंदा नाला करमपुरा, पश्चिमी दिल्ली के पास मौजूद थे। एएसआई को गुप्त सूचना मिली की फरवरी में नीरज

बवाना गिरोह ने एक व्यापारी को वॉट्सऐप कॉल पर धमकी देते हुए दो करोड़ रूपये मांगे थे। इस संबंध में जनकपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले में धमकी भरा कॉल करने का आदेश देने वाला सद्दाम हो सकता है। वह उस समय मकोका मामले में तिहाड़ जेल में था और फिलहाल पैरोल पर जेल से बाहर है। सद्दाम उर्फ गौरी हमेशा अपने पास अवैध हथियार रखता है और लोगों से पैसे वसूलने के लिए अपना खुद का गिरोह भी चलाता है। सूचना के आधार पर टीम बनाई गई और मुखबिर से अन्य जानकारी जुटा टीम ने करमपुरा स्थित सद्दाम के फ्लैट पर छापा मारा। सद्दाम ने दरवाजा खोला, जब पुलिस टीम ने अपना परिचय दिया तो आरोपित सद्दाम ने अपनी पैंट के बाई ओर से एक पिस्टल निकाल कर पुलिस टील पर तान दी। एएसआई संजय व अन्य पुलिस स्टाफ ने उसे पिस्टल समेत काबू कर लिया। पिस्टल की मैगजीन निकालकर चेक की गई, जिसमें छह कारतूस मिले। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसके पास और भी अवैध हथियार हैं जिन्हें वह अपने फ्लैट के अंदर एक अलमारी में छुपा कर रखता है। पुलिस टीम ने फ्लैट के अंदर लकड़ी की अलमारी के अंदर रखे कपड़ों के नीचे से एक और पिस्टल जिसमें दो कारतूस और एक अलग मैगजीन मिली जिसमें दो कारतूस थे। पूछताछ के दौरान सद्दाम ने बताया कि वह थाना हरि नगर दिल्ली के मकोका मामले में 2019 से तिहाड़ जेल में बंद था और अपने पिता के इलाज के लिए आठ अप्रैल को पैरोल पर बाहर आया है। पिता के इलाज के लिए उसे पैसों की जरूरत थी, इसलिए उसने कई लोगों को हथियारों से डरा-धमका कर पैसे वसूले हैं। कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है और जेल के अंदर से ही अपना सिंडिकेट चला रहा है। जेल से वह निर्देश देता है और उसके गुर्गे दिल्ली में उसके इशारे पर रंगदारी, मर्डर और फायरिंग जैसी वारदातों को अंजाम देते हैं।

एक नजर

मानसून से पहले नालों में सफाई की मांग, फोनरवा ने सीईओ को लिखा पत्र

नोएडा। फोनरवा (फेडरेशन ऑफ नोएडा रेसीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) ने मानसून आगमन से पूर्व सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और डी-सिल्टिंग करने का आग्रह नोएडा प्राधिकरण से किया है। फोनरवा के महासचिव केके जैन ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम. को पत्र लिखकर इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। फोनरवा के महासचिव केके जैन ने बताया कि बरसात के दिनों में नोएडा के वासियों को सालाना जलभराव की समस्या से जूझना पड़ता है। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम. को लिखे पत्र में कहा है कि बारिश के मौसम में नालों का गंदा पानी सड़कों और आवासीय परिसरों तक पहुंच जाता है, जिससे नागरिकों को काफी असुविधा होती है। इसलिए मानसून आने से पहले ही नालों की गहरी सफाई और डी-सिल्टिंग कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

फोनरवा की मांग है कि इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएं तो नागरिकों की यह दीर्घकालिक समस्या कम हो सकती है। ताकि मानसून के दौरान निवासियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि इस समस्या को खत्म करने पर प्राधिकरण की तरफ से जोर दिया जाए। सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए जाएं ताकि नोएडावासियों को जलजमाव से निजात मिल सके।

प्राधिकरण ने समस्याओं के समाधान पर दिया जोर, आरडब्ल्यूए के साथ की बैठक

नोएडा। सेक्टर-51आरडब्ल्यूए में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने निवासियों के साथ बैठक की। बैठक में निवासियों ने सीवर और अन्य समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया। इन समस्याओं के निपटारे के लिए अधिकारियों ने समाधान का भरोसा दिया है। सेक्टर-51आरडब्लूए अध्यक्ष अनीता जोशी ने बताया कि सेक्टर में सीवर की परेशानी बढ़ती जा रही है। सेक्टर की कई गलियों और मुख्य सड़कों पर सीवर का पानी बाहर फैला रहता है। इसके अलावा सेक्टर की तमाम समस्याओं को ठीक करने के लिए प्राधिकरण से शिकयत की जा रही थी। सोमवार को इन समस्याओं का हल करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बैठक का सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा और उनकी समस्याओं का समाधान होगा। नोएडा प्राधिकरण जीएम (जल एवं सीवर) आरपी सिंह ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके अलावा उद्यान विभाग के अधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और निवासियों द्वारा उठाई गई पेड़ों पर कीड़े लगने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए छिड़काव करवाया गया। इस बैठक में प्रबंधक कपिल सिंह, अनिल वर्मा, अमित शर्मा और अलग-अलग सोसाइटियों के निवासी उपस्थित रहे।

नामी हॉस्पिटल के एयर कंडीशनर के पार्ट उड़ा ले गए चोर, गर्मी में चल रहा इलाज

नोएडा। शहर में अपराध और आपराधिक घटनाएं कुछ दिनों में बहुत ज्यादा देखने को मिल रही है। कभी चेन स्नैचिंग, मोबाइल स्नैचिंग, चोरी जैसी घटनाएं देखने को मिलती हैं। फिलहाल में ही एक बच्चे की अपहरण फिर हत्या का मामला सामने आया है। जिसके बाद से शहर में मामला गरमाया हुआ है। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-19 स्थित एक हॉस्पिटल से अज्ञात चोरों ने एयर कंडीशनर के पार्ट्स चोरी कर लिए है। नोएडा पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-19 स्थित इंडो गल्फ हॉस्पिटल के डायरेक्टर नवदीप कुमार पुत्र डॉक्टर एस कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके अस्पताल से 5 मई को अज्ञात चोरों ने एयर कंडीशन का पार्ट्स चोरी कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार एयर कंडीशन के पुर्जे चोरी होने से एयर कंडीशन ने काम करना बंद कर दिया है, और मरीजों को काफी असुविधा हो रही है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसटीएफ टीम ने इनामी बदमाश किया गिरफ्तार

पलवल। होडल में हथौड़े से वार कर युवक के हाथ-पैर तोड़ने के मामले में एक साल से फरार बदमाश को एसटीएफ टीम ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए के इनाम रखा गया था। उसके कब्जे से अवैध हथियार भी बरामद किया गया है। फरीदाबाद में भी उस हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को उसे कोर्ट से 2 दिन के रिमांड पर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार होडल थाना अंतर्गत करमन गांव निवासी अमरेश कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के ही अंकित उर्फ भोला पर हथौड़ों से हमला कर हाथ-पैर तोड़ दिए थे। वे उसकी जेब से करीब 12 हजार रुपए निकाल कर ले गए थे। उसे हथियार दिखाते हुए अधमरा छोड़ कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। होडल थाना पुलिस ने 19 दिसंबर 2023 को आरोपी अमरेश व उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। उसी दिन से अमरेश फरार चल रहा था। इसके चलते आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस महानिरीक्षक साउथ रेंज रेवाड़ी की ओर से 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

ग्रेटर नोएडा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पहुंचे बिमटेक कॉलेज, छात्रों का बढ़ाया मनोबल

ग्रेटर नोएडा,एजेंसी। सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ग्रेटर नोएडा पहुंचे हैं। यहां उपराष्ट्रपति बिमटेक कॉलेज के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे। सिटी मजिस्ट्रेट से मिली जानकारी के मुताबिक, दोपहर 3:45 बजे कार्यक्रम में पहुंचे है यहां वो 5 बजे तक रुकेंगे। वो दिल्ली से सड़क मार्ग से ग्रेटर नोएडा पहुंचे है।

इसको लेकर नोएडा एडवाइजरी जारी कर दी है। दिसंबर में उपराष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहे थे। सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक, बिमटेक कॉलेज के दीक्षांत समारोह दोपहर 3:45 बजे से शुरू होगा और पांच बजे तक चलेगा। उपराष्ट्रपति दिल्ली से नोएडा एक्सप्रेसवे से होते हुए ग्रेटर नोएडा पहुंचे हैं। यातायात पुलिस ने भी उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर

एडवाइजरी जारी की थी। पुलिस का कहना था कि कार्यक्रम के दौरान कुछ समय के लिए यातयात बाधित रहेगा। चिल्ला बार्डर से फिल्म सिटी, महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर 93, जीरो प्वाइंट, परी चौक, अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, डोमिनोज गोल चक्कर, डेल्टा वन व पी-3 गोल चक्कर, जगत फार्म व एलजी गोल चक्कर और होंडा सीएल कट और अन्य जगह पर कुछ देर के लिए यातयात को रोका जाएगा।राजस्थान के झुंझुनू के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के दूसरे सबसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय करने वाले जगदीप धनखड़ की जिंदगी काफी संघर्षों वाली रही। जिस क्षेत्र में उन्होंने कोशिश की, उसमें उन्हें सफलता मिली। 12वीं के बाद आईआईटी में सिलेक्शन हुआ। एनडीए के लिए भी चयन हो गया। स्नातक के बाद सिविल सर्विसेज परीक्षा भी पास की। लेकिन उन्होंने वकालत का पेशा ही चुना। इसके बाद उन्होंने राजनीती में अपना कदम रखा।

फैक्ट्री और कॉपी-किताब के गोदाम में लगी आग, लाखों नुकसान

फरीदाबाद। फरीदाबाद में सेक्टर-15ए, क्राउन प्लाजा मॉल के पीछे धागा व फाइबर की एक फैक्ट्री में सोमवार सुबह आग लग गई। अंदर धागा व फाइबर होने की वजह से कुछ ही देर में आग काफी भडक़ गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की गाडियां पहुंच गई। काफी देर में आग पर काबू पाया जा सका। आग से लाखों कीमत का सामान जल गया। मशीनरी जल गई। फैक्ट्री की इमारत को भी काफी नुकसान हुआ है।

फैक्ट्री रिहायशी इलाके के बीच थी। शुक्र रहा कि आग आसपास नहीं फैली। समय रहते इसे काबू कर लिया गया। फैक्ट्री में काम करने वाली महिला कर्मचारी बाहर गेट के पास रो रही थी। पूछने पर बताया कि वह इसी फैक्ट्री में काम कर परिवार का गुजारा कर रही हैं। अब यहां काफी नुकसान हो गया है, इसलिए उनका रोजगार भी नहीं रहेगा। अशोका नाम से इस फैक्ट्री की दूसरी मंजिल पर आग लगी थी। यहां धागा बनाया जाता था। पूरी यूनिट लगी हुई थी। सुबह जब आग लगी तो यहां कोई नहीं था। दो-तीन कर्मचारी थे, जो समय रहते बाहर आ गए। आग शार्ट सर्किट से लगी होना बता रहे हैं। यूनिट के अंदर एक-दो सिलेंडर रखे हुए थे। जो जल तो गए लेकिन शुक्र रहा कि फटे नहीं। इन्हें तुरंत बाहर निकाला गया। यहां लगी आग को बुझाने में दमकल कर्मी ही नहीं बल्कि फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी भी जुट गए। सभी कुछ न कुछ काम कर रहे थे। आग की वजह से दूसरी इमारत की खिड़कियों पर लगे शीशे चटक गए। दीवार और छत क्षतिग्रस्त हो गई थी। एक नंबर मार्केट में किताब व कॉपी का गोदाम है। दो मंजिल इमारत की पहली मंजिल पर गोदाम है।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से व्यापारी को मिली धमकी, पुलिस ने प्रैंक कॉल करने वाले को पकड़ा

शोएब आलम, सद्भावना टुडे

नोएडा। नोएडा में एक व्यापारी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी भरा कॉल आने के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस ने धमकी देने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि उसने प्रैंक कॉल किया था। धमकी नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन को मिली थी। ये मामला नोएडा के थाना फेज 1 का है। मिली जानकारी के मुताबिक, नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष व्यापारी विपिन मल्हन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से फोन पर धमकी मिली। आशंका जताई गई कि रंगदारी वसूलने के चक्कर में ये धमकी दी गई है। धमकी मिलने के बाद से डरे व्यापारी को अपनी सुरक्षा की चिंता सताने लगी। जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने जब नंबर की जान शुरू की तो वह आरोपी तक पहुंच गए और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना फेज 1 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि विपिन मल्हन नाम के एक व्यक्ति को फोन कर धमकी दी गई। मामला दर्ज करने के बाद जांच के लिए टीमों का गठन किया गया। जांच कर रही टीमों ने मनोहर लाल शर्मा नाम के एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया। मनोहर लाल शर्मा एक पिकअप गाड़ी चलाता है और उसने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने एक प्रैंक कॉल की थी। उसने बताया कि उसका ना तो लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कोई संबंध है और ना ही उसके बारे में कोई जानकारी है। जांच में पता चला कि अभियुक्त ने साइन बोर्ड पर लिखे विपिन मल्हन के ऑफिस का नंबर देखकर कॉल किया था। डीसीपी नोएडा विद्यासागर मिश्र ने बताया कि आरोपी ने धमकी भरी यह कॉल एनईए के महासचिव वीके सेठ को की थी। वीके सेठ ने इस मामले में फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेठ ने शिकायत में बताया कि 4 मई को एनईए कार्यालय के टेलीफोन नंबर पर दोपहर करीब 2 से 2.15 बजे के बीच अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का आदमी बताया। साथ ही गाली-गलौज करते हुए एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन एवं एनईए के स्टाफ को जान मारने की धमकी दी। डीसीपी ने बताया कि महासचिव वीके सेठ की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया गया और आरोपी को पुलिस टीम ने 6 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया।

नोएडा में 10वीं में नमन और 12वीं में अनन्या ने किया टॉप

अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता

नोएडा। काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएससीई) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। नोएडा के भी छात्रों ने इस परीक्षा में परचम लहराया है। जिले में तीन स्कूलों से नोएडा के श्री राम मिलेनियम स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्रों ने टॉप किया है। 10वीं में नमन सोनपर ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए और 12वीं में अनन्या सानयाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए।

गौतमबुद्ध नगर की टॉपर अनन्या सानयाल ने मैथ में 96 इकोनॉमिक में 92 पॉलिटिकल सांइस में 98 हिस्ट्री में 97 और इंग्लिश में 97 अंक अर्जित किए। उन्होंने सैल्फ स्टडी की। एग्जाम के दिन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई की। हालांकि उनका मानना है खुद पर भरोसा, सैल्फ स्टडी और टाइम मैनेजमेंट ये गुरु मंत्र है। जिनसे बेहतर स्कोर किया जा सकता है। हा जरूरत पड़ने पर ट्यूशन और यू ट्यूब से मदद ली जा सकती है। लेकिन सोशल मीडिया की अन्य साइट टाइम किलिंग मशीन की तरह है। उनके पिता सप्त ऋषि और माता वर्षा दोनों की वर्किंग है। लेकिन दोनों की पूरा सपोर्ट उनको मिला। इसके अलावा टीचरों का सहयोग सबसे ज्यादा रहा। कही भी सवालों या किसी प्रकार की क्लवेरी में उन्होंने पूरी मदद की। वे आगे इकोनॉमिक में रिसर्च करना चाहती है। इसके लिए वे यूएस



जाकर अपनी स्टडी को आगे बढ़ाएंगी। 10वीं के टॉपर नमन ने पीसीबी, इंग्लिश, स्पेनिश, कंप्यूटर और जोग्राफी के सब्जेक्ट से हाई स्कूल में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। उनका मानना है टाइम मैनेजमेंट से बेहतर कुछ नहीं। स्कूल के साथ उन्होंने ट्यूशन और ऑनलाइन क्लास भी ली। किसी सवाल में फंसने पर टीचर के साथ ऑनलाइन क्लासेस से काफी मदद मिली। पूरे साल टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई की। खासकर सुबह पढ़ा गया है, क्योंकि सुबह फ्रेश माइंड रहता है। वे पर्यावरण साइंस को लेकर सजग है और इसी में अपना फ्यूचर बनाना चाहते है। इसके अलावा सेंट जोसफ स्कूल की वैष्णवी ने 10वीं में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। उन्होंने मैथ में 100, सांइस में 96, एसएसटी में 98, इंग्लिश में 99 और कंप्यूटर में 99 अंक हालिस किए। उन्होंने सेल्फ स्टडी। कभी कभार सवाल फंसने पर यू ट्यूब पर गई। उनके पिता कुलदीप सिंह और माता रेनु सिंह है। पिता होंडा कंपनी में प्रोजेक्ट हेड है। आगे जाकर इकोनॉमिस्ट बनना चाहती है।

रोडरेज में कार सवार दबंगों ने महिला की कार पर ईंट-पत्थर से किया हमला, पुलिस ने लिया स्वतः संज्ञान

शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। किसी भी घटना को अंजाम देकर वे आसानी से फरार हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र से मामने आया है। यहां एक रोडरेज के मामले में दबंगों ने कार सवार महिला का कई किलोमीटर तक पीछा किया। इसके बाद उन्होंने महिला की कार पर ईंट-पत्थरों से हमला किया। वहीं महिला अपनी कार के अंदर थी और वह किसी तरह वहां से निकल सकी। घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है। पूरी घटना कार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

घटना ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र की नासा पार्किंग के पास की है। जहां 1 मई को थाना बीटा दो में दिनदहाड़े कार सवार बदमाशों ने एक 15 वर्षीय किशोर का अपहरण किया और उसके बाद उसे लेकर फरार हो गए। जिसकी 5 मई को बुलंदशहर में शव मिला। यह सीसीटीवी वीडियो भी रविवार रात की बताई जा रही है जहां कार सवार दबंगों ने महिला की कार पर हमला बोल दिया, हालांकि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि घटना

रविवार देर की है। कार सवार आरोपियों ने महिला की कार पर ईंट व पत्थर से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित महिला से संपर्क किया। पीड़ित महिला ने किसी भी प्रकार की कार्यवाही से इनकार कर दिया है। हालांकि थाना नॉलेज पार्क द्वारा इस घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एडीसीपी ने बताया कि आरोपियों व पीड़ित महिला की गाड़ी आपस में टच हो गई थी। जिसको लेकर यह विवाद हुआ। विवाद के बाद पीड़ित महिला वहां से कार लेकर जा रही थी। इस दौरान आरोपियों द्वारा उनकी कार का पीछा किया गया और फिर गाड़ी आगे लगाकर महिला की कार पर ईट व पत्थर फेंकी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट में भी कार्यवाही की जाएगी।

महिला पर जानलेवा हमला कर चेन और बाली लूटी

नोएडा। सेक्टर-107 में महिला से मारपीट करने और गले से सोने की चेन और कान की बाली लूटने के मामले में सेक्टर-39 थाने में आरोपी भाई-बहनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी महिला के भाई ने पीड़िता के कपड़े फाड़ते हुए छेड़खानी भी की। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी निवासी महिला ने बताया कि उसके सामने वाले फ्लैट में किरन उपाध्याय नाम की महिला रहती है। तीन मई को सुबह के समय किरन और उसके भाई रवि उपाध्याय ने उनके घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। रवि उपाध्याय ने महिला के कपड़े फाड़े और इज्जत लूटने का प्रयास किया। किरन और रवि ने महिला के गले से सोने की चेन और कान की बाली भी लूट ली। महिला के शोर मचाने पर उसके पति समेत अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसकी जान बचाई। इस दौरान महिला और उसका भाई जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए।

नोएडा में भी अब दिल्ली और गुरुग्राम जैसे चौबीसों घंटे खुलेंगे बार, आबकारी विभाग से मांगी मंजूरी

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य शुल्क को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। राज्य के उत्पाद शुल्क खजाने को बढ़ावा देने के लिए यूपी सरकार ने एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है जो इस बात पर फैसला करेगी कि क्या शहर और गाजियाबाद में बार के लिए कर्फ्यू का समय बढ़ाया जाए। शुक्रवार को उत्पाद विभाग के साथ बैठक में नोएडा रेस्टोरेंट ओनर्स एसोसिएशन ने यह इजाजत मांगी है कि बारों को सुबह 4 बजे तक संचालित करने दिया जाए। अभी तक शहर में बार 1 बजे तक खुले रहते हैं।

नोएडा के जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा बार के समय की समीक्षा करने वाली कमेटी का गठन एक्साइज द्वारा किया गया आयुक्त आदर्श सिंह और संयुक्त निदेशक शामिल थे सांख्यिकी जोगेन्द्र सिंह और उप आबकारी आयुक्त आलोक कुमार समेत अन्य शामिल थे। नोएडा और गाजियाबाद एनसीआर का हिस्सा हैं, और हर व्यक्ति स्थानीय लोगों की आय और आर्थिक गतिविधियां भी हैं। वहीं नोएडा उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के नाम से जानी जाती है। राजस्व को बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गठित समिति को 15 दिनों के अंदर इस मामले में एक रिपोर्ट भेजनी है। नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वरुण खेड़ा ने आबकारी विभाग के अधिकारीयों को ने सुझाव दिया कि नोएडा में बार को अनुमति दी जानी चाहिए कम से कम 3-4 बजे तक खुले रहें। जैसे दिल्ली में है और गुड़गांव, जहां नाइटलाइफ़ को बढ़ावा दिया जाता है। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2022 में बार बढ़ाकर सुबह 3 बजे तक कर दिया था। वहीं गुड़गांव की बात की जाये तो वहां पर बार 24/7 संचालित करने का विकल्प है। जगहों पर देर रात तक पार्टी करने वाले लोगों का जमावड़ा लगा रहता है।

बिना अनुमति चुनाव प्रचार में नहीं दौड़ेगी कोई गाड़ी: विक्रम सिंह

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा आम चुनाव-2024, के सुचारू और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए इस तरह के कदाचार पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। किसी भी उम्मीदवार को बिना परमिट के प्रचार के लिए किसी भी वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परमिट संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार संबंधित उपमंडल मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के बिना चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं कर सकता है। केवल सुबह 6 बजे से रात 10:00 बजे के बीच ही इस्तेमाल किया जा सकता है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी उम्मीदवार द्वारा किए जाने वाले खर्च की ऊपरी सीमा से बचने के लिए अपने स्वयं के प्रचार के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार या डमी उम्मीदवार के वाहनों का उपयोग नहीं करेगा। ऐसे मामलों में, स्वतंत्र उम्मीदवार या डम्मी उम्मीदवार से संबंधित कोई भी वाहन, जिसका विवरण स्वतंत्र उम्मीदवार द्वारा प्रदान किया गया है, को भी जब्त कर लिया जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि इसका उपयोग अन्य उम्मीदवारों द्वारा किया गया है और दोनों उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है, कि वे चुनाव प्रचार के लिए उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहनों का विवरण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को तुरंत प्रस्तुत करें। वहीं संबंधित रिटर्निंग अधिकारी वाहनों की सूची पर्यवेक्षकों, जिला चुनाव अधिकारी के साथ-साथ पुलिस आयुक्त को भी प्रदान करेगा। जिलाधीश विक्रम सिंह ने आगे कहा कि यदि किसी उम्मीदवार द्वारा बिना सूचना दिये कोई निजी वाहन प्रयोग किया जाता पाया गया तो यह वैधानिक होगा। ऐसे वाहनों का प्रयोग करने वाले प्रत्याशी के साथ-साथ वाहन मालिक के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी।

नोएडा में अब इन 19 जगहों पर देना होगा पार्किंग चार्ज

नोएडा। नोएडा शहर में बढ़ते वाहन भार को कम करने और सड़कों पर जाम की समस्या को हल करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने कदम उठाया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में 19 नए पार्किंग स्थानों को चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर अगले 3-4 महीनों के भीतर सरफेस पार्किंग सुविधाएं शुरू हो जाएंगी। आचार संहिता समाप्त होने के बाद अगले महीने इन 19 नए स्थानों पर पार्किंग शुरू करने के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। अगले तीन-चार महीनों में इन जगहों पर पार्किंग सुविधाएं शुरू हो जाएंगी, जिससे संबंधित क्षेत्रों में वाहनों को खड़ा करने में लोगों को सुविधा होगी।

समस्या का समाधान

नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि शहर में वर्तमान में 58 स्थान पार्किंग के लिए चिन्हित हैं, लेकिन उनमें से केवल 35 जगहों पर ही पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। बढ़ती वाहन संख्या को देखते हुए पार्किंग की जरूरत भी बढ़ती जा रही है और कई क्षेत्रों में पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. लोकेश एम. ने कुछ महीने पहले ही ट्रैफिक सेल को नए पार्किंग स्थल चिन्हित

करने के निर्देश दिए थे। ट्रैफिक सेल ने अब सर्वे कार्य पूरा कर लिया है और एक रिपोर्ट तैयार की है। जिससे जल्द सीईओ के समक्ष रखा जाएगा।

पार्किंग शुल्क

अधिकारियों ने बताया कि इस बार पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर चार पहिया वाहन चालक को शुरुआत के दो घंटे के 20 और दोपहिया वाहन चालक को 10 रुपए देने होंगे। इसके बाद चार पहिया वाहन चालक को 10 रुपये प्रति घंटा और दोपहिया वाहन चालक को पांच रुपये प्रति घंटे के हिसाब से पार्किंग शुल्क देना होगा। पूरे दिन को लेकर पार्किंग शुल्क तय कर दी गई है। वाहन चालक मासिक पास की सुविधा भी ले सकते हैं।

इन 19 स्थानों पर पार्किंग शुरू होगी

ए-5 से लेकर पुलिस चौकी तक, नियर सेक्टर-1 बीपीसीएल

मुख्य मार्केट, सेक्टर-26

देबन दुकान के सामने, सेक्टर-28

कैफ लिली दुकान के सामने, सेक्टर-37

गोदावरी मार्केट

ए ब्लॉक मार्केट, सेक्टर-44

गेट नंबर-1 से 2 तक, सोसाइटी के पास, सेक्टर-45

भूखंड संख्या-ए-264 बी, सेक्टर-46 मार्केट

गौशाला के पास, सेक्टर-94

भूखंड संख्या-1 व 2, सेक्टर-124

संस्थागत दफ्तरों के पास, सेक्टर-125

अस्पताल के पास, सेक्टर-128

गुलशन वन के पास, सेक्टर-129

भूखंड संख्या-बी-2 से 9 तक, सेक्टर-132

पारस मॉल के पास, सेक्टर-133

लॉजिक्स टेक्नोवा के पास, सेक्टर-134

गिझौड़ रोड, सेक्टर-53

ए, बी व सी ब्लॉक, सेक्टर-67

हल्दीराम रोड, पार्क की चारदीवारी के पास, सेक्टर-68

नई आवासीय सोसाइटी, सेक्टर-121

चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

संजय गोस्वामी

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नज़र रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं।

पूरी दुनिया, देशों की नज़र हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98।6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20।4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12।8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96।8त्न पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47।15 लाख महिला मतदाता हैं और 49।7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1।5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1।82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। लेकिन अलगयुवा युवाओं के बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच विश्वास को लेकर कोई बड़ी बात नहीं है और यहां बताया गया है कि वे बीजेपी और नरेंद्र मोदी को क्यों पसंद करते हैं?क्योंकि वो मजबूत चेहरा के रूप में श्री नरेंद्र मोदीजी और उप्र के मुख्य मंत्री योगीजी उभरे हैं। 2019 में वोट बंटवारे से यह भी स्पष्ट हो गया कि विपक्षी दलों मंस बिना पेंदी के लोटा जैसा है और सभी पार्टियों के मन में प्रधानमंत्री का सपना है। चाहे युवा हों, महिलाएं हों या नए मतदाता हों, तीनों ही श्रेणियों में बीजेपी को कांग्रेस के मुकाबले बहुत ज्यादा समर्थन मिला है।

क्योंकि कांग्रेस परिवारवाद से ऊपर नहीं उठ रही है और जिस तरह श्री राहुल गाँधी की भाषा पब्लिक के सामने आई है वो नहीं चाहती है देश और भी संकट में जाए इससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का चुनाव युवाओ और महिलाओ के कारण दिशा तय करेंगी इस शताब्दी के पूर्वार्ध में अनुमानित जनसंख्या वृद्धि चुनौतीपूर्ण है। अनुमान के आधार पर, मध्य शताब्दी तक 9 से 10 अरब लोग होंगे। वर्तमान जनसंख्या केवल 7 अरब से कम है, जिसका अर्थ है कि इस सदी की शुरुआत से मध्य तक लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कोई विशेष मॉडलों की सापेक्ष सटीकता पर बहस कर सकता है, लेकिन वे सभी इस बात से सहमत हैं कि आने वाले दशकों में खिलाने के लिए कई और अधिक मुंह होंगे। आईटी ने मानव प्रयास के कई अन्य पहलुओं को बदल दिया है और व्यापक सामाजिक आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सिस्टम बनाने में मदद की है। दरअसल, परिवहन, संचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियाँ बुनियादी कार्यों को करने के लिए भी पूरी तरह से आईटी पर निर्भर हैं। हालाँकि, सूचना और इसके स्वचालित तकनीकी अवतार ने कृषि को समान स्तर पर प्रभावित नहीं किया है। कृषि का महत्व कृषि एक प्रमुख क्षेत्र है जो आधुनिक मनुष्य के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। पौधे खाद्य श्रृंखला में उत्पादक हैं, और उनके बिना, जीवन चक्र संभव नहीं होगा। कृषि उपज, हालांकि अन्य खाद्य स्रोतों की तुलना में अच्छा है या खराब ये किसान आंदोलन से नहीं किसानों के वोट तय करेंगे किसान अपने फसलों का उपयोग कई खाद्य स्रोतों को स्वयं या उप-उत्पादों जैसे ब्रेड, पाउडर, अन्य वस्तुओं में कार्बनिक योजक आदि के माध्यम से उत्पादित करने के लिए किया जाता है। कृषि से प्राप्त उपज एक देश से दूसरे देश में व्यापार को बढ़ाती है, किसानों के लिए आय लाती है, अन्यथा बेकार पड़ी भूमि का उत्पादक उपयोग करती है, और मेज पर भोजन लाती है। यह हर किसी के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि इसे प्रत्यक्ष कारक के रूप में नहीं देखा जा सकता है क्योंकि उपज उन सभी के हाथों तक पहुंचने से पहले एक लंबा रास्ता तय करती है जो इससे लाभान्वित होते हैं। भारतीय कृषि भारत की जीडीपी में 18।6 प्रतिशत का योगदान देती है और लगभग 59 प्रतिशत भारतीय कृषि क्षेत्र से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं। समाज के लिए इसके महत्व के कारण, इसे समय के साथ विकसित होना चाहिए और आधुनिक लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए समायोजित होना चाहिए। कृषि प्रगति को बेहतर बनाने में मदद के लिए आईटी को अपनाने और उसका उपयोग करने से, इन क्षेत्रों के मिलन से सभी को लाभ होता है। एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में हमारे राज्य ने पिछले पांच वर्षों में चौथी बार प्रतिष्ठित कृषि कर्मण पुरस्कार जीता है। यह किसानों और अन्य हितधारकों के लिए प्रौद्योगिकियों की मदद से अधिक रुचि लेने का उदाहरण स्थापित करता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक दल को युवाओं और महिलाओं को अपने गुस्से से रुलाना होगा। उन एजेंडों को चुनाव घोषणापत्रों में इस तरह रखना होगा कि युवा मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। बीजेपी जहां 370 और 400 की बात कर रही है, वहीं पश्चिम बंगाल, वेस्ट व साउथ में एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। वह बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का ही लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पिछले कुछ सालों से सत्ताधारी पार्टियां ने जनाधार खोकर फिर बापसी भी की है जहाँ उन्होंने कर्नाटका और हिमाचल खोया वहीँ हार से सबक लेकर राजस्थान, मप्र, और छत्तीसगढ़ में जीत हासिल की है हाशिए पर जा रही हैं, ऐसे में बीजेपी या नरेंद्र मोदी का उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना कोई कोरी कल्पना नहीं लगती। है। अब युवावस्था और परिपक्वता पर संदेह करना बेमानी होगा। इसलिए अब युवा क्रांतिकारियों के जाल में नहीं फंसने वाले हैं, ऐसे में कोई ठोस रणनीति ही युवाओं को प्रभावित कर उनका सर्वेक्षण कर सकेगी। इसलिए, प्रिय युवाओं, कृपया समझ लें कि वे आगामी लोकसभा की तस्वीर बनाएंगे और 18वीं लोकसभा की सत्ता पूरी तरह से युवाओं के हाथ में है और युवा ही अपने दम पर सत्ता की सीढ़ियां पार करते हैं।

छोटे शहरों और गांवों के असंख्य मध्यवर्गीय अभिभावकों के लिए, यह बहुत मायने रखता है यदि उनका बेटा या बेटी जिला उपायुक्त या पुलिस कप्तान बन जाए, क्योंकि इस पद के साथ ताकत, विशेषाधिकार और ग्लैमर स्पष्ट रूप से जुड़े हैं। इससे स्थानीय समाज में उनका रुतबा और हैसियत ऊंची हो जाती है। बेशक, यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने की मिथकीय सफलता का अपना सम्मोहन है। हालांकि, अनुपात के हिसाब से 'सफल' होने वालों की संख्या बहुत कम है (मसलन, 2023 में 13 लाख अभ्यर्थी यूपीएससी की प्री-लिम परीक्षा में बैठे थे लेकिन आखिर में 1016 ही चुने गए), फिर भी यह धंधा फल-फूल रहा है। जहां हम 'सफलता गाथाओं' की महिमा गाते हैं, वहीं कोचिंग की ये दुकानें असफल रहे उम्मीदवारों का कितना मानसिक एवं बौद्धिक नुकसान कर रही हैं, उस पर गौर करने में विफल रहते हैं। जरा सोचिए, यह मिथकीय सफलता पाने को अधिकांश प्रत्याशी पांच से छह साल लगातार प्रयासरत रहते हैं, इस बीच इतिहास, भूगोल, समाज विज्ञान, मनोविज्ञान व सामान्य ज्ञान के नोट्स रात-दिन रटते हैं, भारी मात्रा में पैसा लगता है, फिर भी बारम्बार असफल होते हैं! हां, यह अमानवीय और मशीनी तंत्र उन्हें खत्म कर रहा है मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक रूप से। इनमें कइयों के लिए, असफलता के आघात से जख्मी हुए स्वाभिमान से उबरना, उम्मीद एवं रचनात्मकता के साथ जीवन को पुन ः परिभाषित करना मुश्किल हो जाता है। आगे, समूचा तंत्र उच्चतर शिक्षा के मूल उद्देश्य को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है।

सृजन विरोधी सफलता के सपनों का कारोबार

अविजीत पाठक

जैसा कि होता है, यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम मीडिया और लोगों का ध्यान खींचते हैं, 'टॉपर्स' के दमकते चेहरों की फोटो चहुंओर दिखने लगती है- ब्रांड बन चुके कोचिंग सेंटरों की ओर से जारी विज्ञापनों से शहरों में बिल बोर्ड्स से लेकर अग्रणी अखबारों के मुखपृष्ठ तक पट जाते हैं। यही कुछ विभिन्न शिक्षा बोर्डों से संबद्ध स्कूलों के परीक्षा परिणाम आने पर होता है, तब भी यह प्रक्रिया दोहराई जाती है अर्थात् भौतिकी, रसायन, गणित और जीव-विज्ञान में शानदार प्रदर्शन कर दिखाने वाले 'टॉपर्स' किशोर-किशोरियों की 'सफल' छवि का निर्माण करना! ऐसी 'सफलता गाथाएं' सुन-सुनकर मैं थक चुका हूं, बल्कि, मेरी रुचि व्यवस्था की वह नब्ज़ पकड़ने में है, जो चुनींदा 'सफलता' की चकाचौंध फैलाकर वास्तव में 'असफलता' का निर्माण कर रही है। गौरतलब है, भारत भर में यूपीएससी कोचिंग उद्योग का सालाना कारोबार लगभग 3000 करोड़ है। यदि दिल्ली के मुखर्जी नगर और करोल बाग की छोटी-बड़ी गलियों में जाएं और युवा अभ्यर्थियों से बात करें जो भविष्य के इंजीनियर, डॉक्टर, पीएचडी, यूनिवर्सिटी विद्यार्थी बनना चाहते हैं तब आपको महसूस होगा 'सफलता के सपने' की ताकत का, जिसके जरिये कोचिंग सेंटरों के नामचीन गुरुओं ने अपने नोट्स, लेक्चर, गाइड पुस्तकों, इंटरव्यू रणनीति और यहां तक कि अपने प्रेरणास्पद भाषणों से इन चाहवानों को फांस रखा है। बहरहाल, यह सपना खूब बिक रहा है क्योंकि हम एक ऐसे समाज में रह रहे हैं जो 'ताकत' की पूजा करता है जरूरी नहीं वह ताकत ज्ञान और अक्ल की हो, वह राजनीतिक-प्रशासनिक एवं आर्थिक भी हो सकती है। छोटे शहरों और गांवों के असंख्य मध्यवर्गीय अभिभावकों के लिए, यह बहुत मायने रखता है यदि उनका बेटा या बेटी जिला उपायुक्त या पुलिस कप्तान बन जाए, क्योंकि इस पद के साथ ताकत, विशेषाधिकार और ग्लैमर स्पष्ट रूप से जुड़े हैं। इससे स्थानीय समाज में उनका रुतबा और हैसियत ऊंची हो जाती है। बेशक, यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने की मिथकीय सफलता का अपना सम्मोहन है। हालांकि, अनुपात के हिसाब से 'सफल' होने वालों की संख्या बहुत कम है (मसलन, 2023 में 13 लाख अभ्यर्थी यूपीएससी की प्री-लिम परीक्षा में बैठे थे लेकिन आखिर में 1016 ही चुने गए), फिर भी यह धंधा फल-फूल रहा है। जहां हम 'सफलता गाथाओं' की महिमा गाते हैं, वहीं कोचिंग की ये दुकानें असफल रहे उम्मीदवारों का कितना मानसिक एवं बौद्धिक नुकसान कर रही हैं, उस पर गौर करने में विफल रहते हैं।

जरा सोचिए, यह मिथकीय सफलता पाने को अधिकांश प्रत्याशी पांच से छह साल लगातार प्रयासरत रहते हैं, इस बीच इतिहास, भूगोल, समाज विज्ञान, मनोविज्ञान व सामान्य ज्ञान के नोट्स रात-दिन रटते हैं, भारी मात्रा में पैसा लगता है, फिर भी बारम्बार असफल होते हैं! हां, यह अमानवीय और मशीनी तंत्र उन्हें खत्म कर रहा है मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक रूप से। इनमें कइयों के लिए, असफलता के आघात से जख्मी हुए स्वाभिमान से उबरना, उम्मीद एवं रचनात्मकता के साथ जीवन को पुन ः परिभाषित करना मुश्किल हो जाता है। आगे, समूचा तंत्र उच्चतर शिक्षा के मूल उद्देश्य को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। अवश्य ही, यदि कोई आईआईटी-कानपुर से इंजीनियर अथवा नई दिल्ली के एम्स से डॉक्टर बनकर निकले या पुलिस अफसर या टैक्स कमिश्नर बने, तो यह 'देवत्व' पाने जैसा नहीं है। इसी प्रकार, यदि किसी अग्रणी यूनिवर्सिटी से इतिहास का छात्र सिविल परीक्षा की तैयारी के चक्कर में, अपनी सामान्य कक्षाएं लगातार न लगाए, एरिक हॉब्सबॉम या इरफान हबीब जैसों को भूल जाए, और मुख्य ध्यान सिर्फ कोचिंग सेंटरों के रणनीतिकारों द्वारा दिए नोट्स या कुंजियों पर केंद्रित रखे (हां, यू-ट्यूब पर ऐसे कइयों के लाखों की संख्या में फॉलोवर्स हैं), यह संकेतक है नुकसान की उस तीव्रता का जो कोचिंग सेंटरों के धंधेबाजों ने हमारे विश्वविद्यालयों में खोजपरक अध्यापन और अनुसंधान की प्रगति का कर डाला है। हम यह भूल चुके हैं कि एक जीवंत राष्ट्र को जरूरत है महान भौतिक विज्ञानी, राजनीतिक दर्शनशास्त्रियों, समाज शास्त्रियों और साहित्य आलोचकों की न कि केवल जिला आयुक्तों और पुलिस कमिश्नरों की। अफसोस कि सामाजिक-डार्विनवाद के सिद्धांत से पनपी इस किस्म की परम-प्रतिस्पर्धात्मक मानसिकता स्कूली विद्यार्थियों तक की आत्म-धारणा में बदलाव ला रही है। उन तरीकों को देखिये, जिस तरह बिल बोर्डों पर बोर्ड परीक्षा के 'टॉपर्स' की छवियां चस्पां की जाती हैं या मानक बना दिए गए जेईई एवं नीट जैसे टेस्टों का निर्माण किया गया है, यह तरीका है लड़के-लड़कियों को रातों-रात 'सितारा' बनाने का और 'विशेष' होने का यकीन करवाने का खेल है। पुनश्ः, सफलता का महिमामंडन करने के तरीके में हम असफल रहे हजारों-हजार युवाओं के मानस को पहुंची पीड़ा, ठेस, शर्मिंदगी की तीव्रता को नज़रअंदाज कर देते हैं। कब जाकर हम यह समझेंगे कि हमारी स्कूली शिक्षा में सब कुछ सही नहीं है? कब हमें अहसास होगा कि स्कूलों में लागू पाठ्यक्रम, तकनीकी निगरानी और एकल आयामी, परीक्षा-आधारित, किताबी ज्ञान वाली प्रणाली अक्सर उन विद्यार्थियों को उचाट कर देती है जो स्कूली पढ़ाई से परे, कुछ कल्पनाशील और अधिक रोमांचक करने के पीछे 'पागल' हैं। अपने प्रामाणिक अध्ययन में, जॉन होल्ट (हाऊ चिल्ड्रन फेल) और कर्स्टन ऑल्सन (वूंडेड बाई स्कूल) शिक्षा पद्धति के घातक परिणामों के बारे में याद दिलाते हैं, जिसमें सृजनात्मकता से ज्यादा ढर्रे को अधिमान है, जो छात्र की रुचियों का दमन करती हैं और जिसे सीखने-सिखाने वाले में फर्क की शिनाख्त नहीं है। वास्तव में, यहां वह व्यवस्था है जो कुछ अलग करने की ललक रखने वालों में बहुतों का मजाक उड़ाकर उनके चाव को खत्म और कल्पनाशीलता को कुंद कर देती है। इस नाजुक उम्र में बहुत से युवाओं के लिए असफलता के कलंक से उबर पाना आसान नहीं होता। अफसोस कि हम उनकी सृजनशील सामर्थ्य का फायदा नहीं उठा पाते। लिहाजा थकावट, ऊबाऊपन और एकाकीपन की भावना से उनकी कल्पनाशीलता और अर्थपूर्ण जीवन के प्रति उत्साह बुझ जाता है। इस 'सुरक्षा-आसक्त' दुनिया में, उनका दर्द समझने की परवाह किसे है। इस बीच, हमारे 'सफल' युवा खुशी-खुशी बने-बनाए ढर्रे में ढल जाते हैं, कोई हैरानी नहीं कि उनके लिए अपने 'सुरक्षित' और 'स्थाई' पेशे से परे जीवन की राह सोच पाना मुश्किल होङ्क मसलन, नव-उदारवाद के बाजार के विस्तार के लिए दिन-रात खटता कोई टेक्नो-मैनेजर या कोई प्रशासक अथवा नौकरशाह जो यथास्थिति बनाए रखने वाले प्रशासन की हां में हां मिलाने वाला हो। इस दौरान, राजस्थान के कोटा से लेकर दिल्ली के मुखर्जीनगर तक कोंचिग उद्योग ने अपना मुनाफादायक धंधा फैला लिया है और 'सफलता' का सपना जमकर बेच रहे हैं, भविष्य को लेकर चिंता-ग्रस्त मध्य वर्ग पर डोरे डाल रहे हैं और युवा दिमाग के सृजनशील बागीपन को कुचल रहे हैं।

विचार

क्रोध की आंधी में बुझ जाता है विवेक का दीप

डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'

आजकल समाज में प्राय: देखा जा रहा है कि लोगों की सहन-शक्ति कम हो रही है और जरा-जरा सी बात पर क्रोध भड़कने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। 'रोड-रेज़' की घटनाएं इन दिनों आपको प्रतिदिन जहां-तहां सुनने को मिलती रहती हैं। क्रोध मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है, यह हमारे धर्मशास्त्रों में बताया गया है, लेकिन इन दिनों तो जिसे देखिए, वही क्रोध की ज्वाला में धधकता मिलता है। एक दार्शनिक ने कहा है— 'क्रोध वह आंधी है, जिसके आने पर बुद्धि का दीपक स्वत: बुझ जाता है।' तब लाख टके का सवाल यह पैदा होता है कि क्रोध आता क्यों है? सभी जानते और मानते हैं कि क्रोध जीवन का सर्वनाश कर देता है, फिर भी हम इस क्रोध की ज्वाला को शांत क्यों नहीं कर पाते? मनोविज्ञानी मानते हैं कि व्यक्ति के भीतर जब 'हीनता की भावना' प्रबल हो जाती है और उसकी बात नहीं मानी जाती, तो वह क्रोध से भर उठता है। कहा तो यह भी गया है -

क्रोध कभी मत कीजिए,करे शांति को भंग।
शीतल मन नित राखिए, जीवन भरे उमंग।'

क्रोध पर विचार करते हुए आज एक बड़ी ही कारुणिक लोककथा पढ़ने को मिली, जिसने मुझे बरबस रुला दिया है। यह लोककथा आपको भी दे रहा हूं। एक गांव में एक विधवा औरत और उसकी 6-7 साल की बेटी रहते थे। किसी प्रकार गरीबी में वे दोनों अपना गुजर-बसर करते थे। एक बार मां सुबह-सवेरे घास लेने के लिए गयी और घास के साथ ही झाड़ियों में उगने वाला फल 'काफल' भी तोड़ के लायी। बेटी ने काफल देखे, तो बड़ी खुश हुई। मां ने बेटी से कहा कि मैं खेत में काम करने जा रही हूं, दिन में जब लौटूंगी, तब काफल खाएंगे। मां ने वे काफल टोकरी में रख दिए। बेटी दिन भर काफल खाने का इंतज़ार करती रही। बार-बार टोकरी के ऊपर रखे कपड़े को उठाकर देखती और काफल के खट्टे-मीठे रसीले स्वाद की कल्पना करती, लेकिन उस आज्ञाकारी बच्ची ने एक भी काफल उठाकर नहीं चखा। प्रतीक्षा में बैठी रही कि जब मां आएगी, तब दोनों ये काफल खाएंगे। आखिरकार मां आई! बच्ची दौड़ के मां के पास गयी और बोली, 'मां, मां! अब काफल खाएं?' 'थोड़ा सांस तो लेने दे छोरी' मां बोली। फिर मां ने काफल की टोकरी निकाली, उसका कपड़ा उठा कर देखा, 'अरे! ये क्या? काफल कम कैसे हुए?' गुस्से में मां ने पूछा, 'तूने खाये क्या?' बेटी बोली, 'नहीं मां, मैंने तो चखे तक भी नहीं! जेठ की तपती दुपहरी में मां का दिमाग पहले ही गर्म था, अब भूख और तड़के उठ कर लगातार काम करने की थकान के कारण मां को बच्ची के झूठ बोलने से बहुत गुस्सा आ गया। मां ने ज़ोरों से एक झांपड़ बच्ची के सिर पर दे मारा। बच्ची उस जोरदार अप्रत्याशित वार से तड़प कर नीचे गिर गयी और 'मैंने काफल नहीं चखे मां' कहते-कहते उसके प्राण पखेरू उड़ गए! अब जैसे ही मां का क्षणिक आवेश उतरा, तो उसे होश आया! वह बच्ची को गोद में लेकर प्रलाप करने लगी! 'ये क्या हो गया! मुझ दुखियारी का एकमात्र सहारा यह बेटी ही तो थी। उसे भी अपने ही हाथ से मैंने खत्म कर दिया? वो भी तुच्छ से काफल की खातिर! आखिर ये लायी किसके लिए थी? इसी बेटी के लिये ही तो! तो क्या हुआ था, जो उसने थोड़े खा ही लिए थे? रोते-बिलखते मां ने उठा कर काफल की वह टोकरी बाहर फेंक दी और रात भर वह बैठी रोती-बिलखती रही। हुआ यह था कि जेठ की गर्म हवा से काफल कुम्हला कर थोड़े कम हो गए थे। रात भर बाहर ठंडी हवा में पड़े रहने से वे सुबह फिर से खिल गए और टोकरी भरी-पूरी हो गयी! अब मां की समझ में आया और रोती-पीटती बेटी के शोक में वह भी मर गयी! कहते हैं कि वे दोनों मर के पक्षी बन गईं और जब भी काफल पकते हैं, तो एक पक्षी बड़े करुण भाव से गाता है- 'काफल पाको! मी नी चाखो' (काफल पके हैं, पर मैंने नहीं चखे हैं) और तभी दूसरा पक्षी चीत्कार कर उठता है- 'पुर पुतई पूर पूर!' (पूरे हैं बेटी पूरे हैं)! मेरी ही तरह, आप भी इस 'काफल-कथा' को पढ़कर संत कबीर के इस दोहे के मर्म को जरूर समझ जाएंगे-

'क्रोध-अग्नि घर-घर बसी, जले सकल संसार।
दीन लीन निज भक्ति जो, तिनके निकट गुबार।'

अर्थात? क्रोध की अग्नि तो घर-घर में बसी हुई है, जिसमें सारा संसार जल रहा है। जो दीन प्राणी अपनी भक्ति में लीन है, वही इस गुब्बार से बचता है। निश्चय ही, क्रोध हमारे मन की ऐसी विकृति है जो हमारे विवेक को जलाकर राख कर देती है। इस क्रोध में हम वह कर जाते हैं, जिसे सोचना तक संभव नहीं होता। क्रोध के बाद केवल पछतावा ही बचता है, बाकी सब तो स्वाहा हो जाता है। आइए, आज मिलकर एक संकल्प हम अवश्य लें कि हमारे विवेक को राख कर देने वाले इस क्रोध नामक शत्रु को हम कभी जीवन में नहीं आने देंगे।

एक नजर

नीट की परीक्षा में पकड़े गए चार मुन्ना भाई, 20 लाख में हुई थी डील

पूर्णिया। पूर्णिया में नीट की परीक्षा के दौरान जब जांच हुई तो मुन्ना भाई पकड़े गए। यह चारों मुन्ना भाई दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे थे। सभी चारों डमी कैंडिडेट एसआरडीएसी एग्जाम सेंटर से पकड़े गए जो मधुबनी थाना क्षेत्र में पड़ता है। 2:00 बजे के बाद शुरू हुई परीक्षा के दौरान जब पर्यवेक्षक जांच कर रहे थे तो शक हुआ और जब पूछताछ होनी शुरू हुई तो पकड़े गए। पूर्णिया एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि पूछताछ में इन्होंने बताया है कि यह डील 20 लाख में तय हुई थी।पेपर पूरी होने के बाद प्रति कैंडिडेट 5 लाख रुपए पेमेंट करना था। पकड़े गए सभी डमी कैंडीडेट राजस्थान के जालौर, भोजपुर, बेगूसराय और सीतामढ़ी के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि ये सभी मेडिकल स्टूडेंट्स हैं। राजस्थान के पकड़े गए मुन्ना भाई जालौर जिले के सांचौर थाना अंतर्गत खाका राम गांव निवासी कमलेश कुमार है। कमलेश कुमार परीक्षार्थी धीरज प्रकाश की जगह परीक्षा दे रहा था। दूसरा मुन्ना भाई नीतीश कुमार भोजपुर जिले के बिहियां गांव के वार्ड 2 निवासी धर्मपाल सिंह के पुत्र हैं। नीतीश आशीष के बदले परीक्षा दे रहा था। बेगूसराय के रहने वाले सौरभ कुमार मटिहानी थाना के रामदेरी गांव टोला नकती वार्ड 6 निवासी विजय गुप्ता के बेटे हैं। सौरभ तथागत कुमार के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। चौथा मुन्ना भाई मयंक कुमार उर्फ किशन कुमार है जो सीतामढ़ी जिले के चौरोथ थाना के बड़ी बिहटा गांव के वार्ड नंबर 4 के निवासी नील रंजन चौधरी के पुत्र हैं। मयंक दीपक कुमार के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने बताया कि सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस इस बात की जांच करेगी की इसका मुख्य जरिया कौन है।

नशे में गवाह देने न्यायालय पहुंचा युवक, जज ने भेजा जेल

भागलपुर। भागलपुर न्यायालय में सोमवार को गवाह देने शराब के नशे में पहुंचे युवक को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। एक युवक लड़खड़ाते कदमों से कोर्ट के कटघरे में खड़ा हुआ। गवाह को झूमते देखकर जज को शक हुआ। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक उत्पाद-2 भोला मंडल को जांच का निर्देश दिया गया और इसकी जानकारी उत्पाद विभाग को दी गई। जानकारी के बाद उत्पाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शराब पीने की पुष्टि। इस दौरान गवाह ने भी अपना जुर्म कबूल किया। उसने शराब पीने की बात कही। मामला जिले के न्यायपालिका स्थित कोर्ट भवन का है, जहां उत्पाद कोर्ट - 2 में गवाह देने आये एक शख्स को न्यायाधीश ने जेल भेज दिया। विशेष न्यायाधीश ने शराब पीने के जुर्म में रंजीत सिंह पर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। नवगछिया के एक मामले में (काण्ड 200/22) के तहत गवाही देने के लिए एक युवक को हाजिर किया गया था। युवक शराब के नशे में था। उत्पाद कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के सामने गवाह को इजलास पर बुलाया गया। गवाह इजलास में खड़ा हुआ और उससे पूछताछ शुरू हुई। पूछताछ के दौरान नशे में झूमते गवाह को देखकर पहले शक हुआ और फिर उस शक की पुष्टि के लिए गवाह से झुमने का कारण पूछा गया। गवाह ने बताया कि थोड़ी सी पी ली है। इस संबंध में विशेष लोक अभियोजक उत्पाद कोर्ट-2 भोला मंडल ने बताया कि नवगछिया के एक मामले में गवाही के तौर पर रंजीत कुमार सिंह की पेशी थी। जहां वह युवक शराब के नशे में पाया गया। हालांकि पूछताछ के दौरान रंजीत ने खुद भी शराब पीने की बात बताई।

जीवन रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा बिहार पुलिस का जवान

भागलपुर। भागलपुर में एक पुलिस जवान की अच्छी पहल देखने को मिल रहा है। यह जवान ड्यूटी करने के साथ-साथ सड़क पर चल रहे राहगीरों को जीवन की रक्षा और पर्यावरण की संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। धनंजय कुमार पासवान बांका जिला के रहने वाले हैं। इन्होंने वर्ष 2018 से इस मुहिम की शुरुआत की है। ड्यूटी के दौरान ड्यूटी अच्छी तरह से करते हैं और सड़क पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को जीवन सुरक्षा का भी संदेश देते हैं। जो बाइक सवार बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, उन्हें जिंदगी का महत्व समझाते हुए मुफ्त में हेलमेट देकर जीवन रक्षा का संदेश देते हैं। साथ में पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पौधे भी में देते हैं। इन्होंने बताया कि इस कार्य में अहम भूमिका निभाने वाले हमारे माता-पिता बड़े भैया भाभी एवं भांजा सुभाष कुमार है। इन सबों का काफी सपोर्ट मिलता है। ऐसा करने में हमको बहुत ही अच्छा महसूस होता है। यह जो भी हम कार्य कर रहे हैं यह अपने वेतन के राशि से खर्च करते हैं, ताकि लोग जागरुक हो जाएं और सड़क दुर्घटना होने पर काम क्षति और जान बच सके। इसलिए हेलमेट आवश्यक है।

बिहार में सात मई को तीसरे चरण में पांच लोस सीटों पर 54 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

पटना,एजेंसी। बिहार में तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होना है। इसके 48 घंटे पूर्व यानी रविवार की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चरण में कुल 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है। इनमें 51 पुरुष और तीन महिला उम्मीदवार हैं। झंझारपुर में 10, सुपौल में 15, अररिया में 9, मधेपुरा में 8 और खगड़िया में 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

तीसरे चरण में पांच सीटों पर प्रदेश के 98 लाख 60 हजार 397 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 51 लाख 29 हजार 473 पुरुष तो 47 लाख 30 हजार 602 महिला मतदाता और 322 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के 2,716 मतदाता भी हैं। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की संख्या 01 लाख 45 हजार 482 है। तीसरे चरण के मतदान में 11,818 बैलेट यूनिट, 11,818 कंट्रोल यूनिट और 12,861 वीवीपैट इस्तेमाल होंगे। प्रति बूथ 1001 मतदाताओं के मतदान की व्यवस्था है। 32 बूथों का प्रबंधन महिलाएं संभालेंगी। इस चरण में कुल 45 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। कुल 5,039 बूथों से लाइव बेवकास्टिंग होगी।

झंझारपुर से मुकेश सहनी की प्रतिष्ठा दांव पर

झंझारपुर सीट पर मुंकेश सहनी की वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ मैदान में हैं। महागठबंधन में शामिल होने के बाद राजद ने ये सीट वीआईपी को दी है। दूसरी ओर जदयू से इस सीट पर रामप्रीत मंडल हैं। इस सीट पर महागठबंधन का खेल बिगाड़ने के लिए गुलाब यादव मैदान में आ गए हैं। वे कुछ दिनों से बागी हो गए हैं। इस चुनाव में वह वीआईपी से टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। गुलाब यादव पहले विधायक रह चुके हैं। पिछले साल उनकी पत्नी ने राजद से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय एमएलसी चुनाव लड़ा और जीत दर्ज

की थी। गुलाब यादव की बेटी जिला परिषद की अध्यक्ष हैं।

खगड़िया सीट पर सीपीएम-लोजपा-रामविलास में टक्कर

खगड़िया सीट महागठबंधन में सीपीएम के खाते में है। सीपीएम ने संजय कुमार कुशवाहा को मैदान में उतारा है जबकि राजग की तरफ से ये सीट एलजेपी (रामविलास) के हिस्से में है। चिराग पासवान ने यहां महबूब अली कैसर को चलता कर राजेश वर्मा को मैदान में उतारा है। महागठबंधन और राजग दोनों के उम्मीदवार नए हैं। राजेश वर्मा पर एनडीए की सीट बचाए रखने की चुनौती है तो संजय कुमार कुशवाहा पर महागठबंधन को जीत दिलाने की।

अररिया में राजद मुस्लिम-यादव के सहारे

नेपाल से सटे सीमांचल के अररिया लोकसभा सीट में 40 प्रतिशत से ज्यादा यादव और 32 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इसके बाद भी 2019 में महागठबंधन यहां चुनाव हार गई थी। भाजपा के प्रदीप सिंह यहां से 1.37 लाख मतों से विजयी हुए थे। इस बार प्रदीप का राजद के शाहनवाज आलम से मुकाबला है। कोसी के आंचल में बसे सुपौल में इस बार 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। कोसी क्षेत्र की सुपौल लोकसभा सीट पर जदयू के लिए सीट बचाने की चुनौती है। क्योंकि, सामान्य सीट से राजद ने दलित समाज से आने वाले चंद्र हास को टिकट देकर मुकाबले को दलित बनाम अगड़ा करने की कोशिश की है। लालू यादव को उम्मीद है कि एमवाई के साथ यदि दलित वोटर जुड़ जाते हैं तो उनकी जीत की राह आसान होगी।

रोम पोप का और मधेपुरा गोप का

'रोम पोप का और मधेपुरा गोप का' यह कहावत यहां चरितार्थ हो पायेगा या नहीं यह कल के मतदान के बाद ही पता चलेगा लेकिन यादव वोटर यहां चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते आ रहे हैं। पूर्णिया से निर्दलीय लड़कर महागठबंधन की नाक में दम करने वाले पप्पू यादव भी यहां से सांसद रह चुके हैं। जदयू ने यहां से वर्तमान सासंद दिनेश चंद्र यादव को एक बार फिर से मैदान में उतारा है जबकि राजद ने डॉ. कुमार चंद्रदीप को टिकट दिया है। यहां एनडीए में यादव बनाम यादव की लड़ाई है। मधेपुरा का यह चुनाव लालू यादव पर अपने यादव वोटरों पर पकड़ और जदयू के लिए सीट बचाने की चुनौती है।

लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और उनके साथी भ्रष्टाचार कर रहे- अमित शाह

पटना,एजेंसी। राज्य में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के नरघोघी में नित्यानंद राय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुए कहा कि सत्ता के स्वार्थ के कारण लालू यादव कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए हैं। वो चारा घोटाले, अलकतरा घोटाले और जमीन के बदेल नौकरी देने के मामले में जेल जा चुके हैं जबकि उनके सभी साथी भी भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं।

अमित शाह ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के पास से 30 करोड़ रुपये मिले। इससे दो महीने पहले कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले थे। इससे कुछ देर पहले ही ममता बनर्जी के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपये मिले थे। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है। अमित शाह ने कहा कि लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी। आज केंद्र सरकार में 27 पिछड़े वर्ग के मंत्री हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ा समाज की सबसे विरोधी पार्टी कांग्रेस पार्टी है। बिहार के वंचितों, पिछड़ों और दलितों के नेता कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया। मोदी ने नीट, मेडिकल और एम्स दाखिले में पिछड़े और अति पिछड़े समाज को आरक्षण दिया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी और रातों-रात पूरे मुस्लिम समुदाय को बिना पिछड़ेपन का सर्वेक्षण कराए पिछड़ा घोषित कर दिया गया और पिछड़े समुदाय का पांच प्रतिशत आरक्षण काटकर मुसलमानों को दे दिया गया। हमारी सरकार कर्नाटक में बनी तो उसे समाप्त कर पिछड़ों को फिर से उसका लाभ दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों और पिछड़ों के लिए काम किया। कर्पूरी ठाकुर ने मैथिली भाषा को सम्मान देने की मांग की थी और अटल ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में जगह दी थी।

जिला प्रशासन सभी मतदाताओं को सुगम मतदान में सहायता हेतु प्रतिबद्ध है- डीएम

सहरसा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने जिलांतर्गत सभी मतदाताओं से तृतीय चरण में आज होने वाले मतदान में उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत मताधिकार का उपयोग इच्छानुसार जनप्रतिनिधि के चुनाव में मदद करने के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का गौरव प्रदान करता है। अत: प्रत्येक मतदाता को निश्चित रूप से मताधिकार उपयोग हेतु तत्पर होना चाहिए।

उन्होंने बताया की लोक सभा आम निर्वाचन निमित मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा अन्तर्गत निर्देशानुसार मूलभूत सुविधा यथा- पुरूष,महिला हेतु अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग,85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं हेतु व्हील चेयर स्वयंसेवक सहित एवं ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों पर छायादार शेड,शामियाना की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान केन्द्रों पर आशा,एएनएम की प्रतिनियुक्ति आवश्यक दवाओं से युक्त मेडिकल किट के साथ की गई है। जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सुगम

आवागमन हेतु दिव्यांग मतदाताओं, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा गर्भवती महिलाओं को मतदान केन्द्र तक आवागमन निमित वाहन की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। इस हेतु जिला प्रशासन मतदान हेल्पलाईन, 1950 सक्षम एप्स तथा संबंधित बूथ के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से ये सुविधा स्थानीय आवश्यकता के आधार पर रणनीति तैयार करते हुए किया जायेगा। तटबंध के उस पार स्थित मतदान केन्द्र में संबंधित मतदाताओं को ले जाने एवं ले आने निश्शुल्क नाव की व्यवस्था की गई है। पर्दानशी महिलों के पहचान हेतु पर्याप्त संख्या में आशा कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया की जिला प्रशासन नियमानुसार जिलांतर्गत सभी मतदाताओं को सुगम मतदान में सहायता हेतु प्रतिबद्ध है।

टीएमबीयू कुलपति के खिलाफ एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

भागलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा सोमवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कुलपति पर लगातार लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों एवं अन्य मुद्दों को लेकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुलपति से इस्तीफे की मांग की है। जगह-जगह पर पोस्टर भी लगाया गया है। पोस्टर में कुलपति के खिलाफ स्लोगन लिखे गए हैं।

प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद एवं जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगातार वित्तीय अनियमित के आरोप सामने आ रहे हैं। अब तो मुंगेर विश्वविद्यालय में प्रतिकूलपति रहते हुए जो आईफोन और लैपटॉप की सुविधा सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें उपलब्ध कराया गया था। वह तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति बनने के बाद लैपटॉप और फोन को अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल के रख लिया है। यह पूर्ण रूप से चोरी ही नहीं यह खुले आम डकैती का मामला बनाया जा सकता है। आज कुलपति के आवास से लैपटॉप और आईफोन प्राप्त हुआ है जो मुंगेर विश्वविद्यालय का ऐसे कुलपति छात्रों के लिए क्या सीख देना चाहते हैं। विश्वविद्यालय में कुलपति आने के बाद वह अपने आप को संविधान निर्माता से भी ऊपर समझने की भूल कर रहे हैं। कई पदों का सृजन विश्वविद्यालय में आने के बाद उन्होंने किया है जो गैर संवैधानिक है। मीटिंग ऑफिसर, पीआरओ एवं अन्य कई ऐसे पदों का उन्होंने सृजन किया है। यह संवैधानिक नहीं है। इस पर कुलपति

को जवाब देना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपने परिवार के लोगों की ही नियुक्ति क्यों इस पर भी कुलपति को जवाब देना पड़ेगा। विश्वविद्यालय के छात्र नेता कुणाल पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति छात्रों का आर्थिक एवं मानसिक रूप से पर शोषण करने में लगे हुए हैं। स्नातक के सभी खण्डों में छात्रों को परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित कर दिया जाता है। जब हम लोगों ने इसके लिए आवाज उठाई तो उन्होंने कहा था 7 दिन में सभी मामला को ठीक कर लिया जाएगा। 4 महीने से अधिक हो चुके हैं लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा नहीं किया गया जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्ट थर्ड की परीक्षा परिणाम आने से 6 महीने बीत चुके हैं लेकिन विश्वविद्यालय उन छात्रों का अंक पत्र उपलब्ध नहीं कर पाई है। प्रदर्शन में प्रदेश कार्यकरणी सदस्य सौरव शर्मा, कोमल शर्मा, रोजी सिंह, सनी चौधरी, प्रांजल बाजपेई, सृष्टि भारती, नीरज, शिवसागर, मयंक, आशीष, प्रत्यूष आनंद एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

भारत-नेपाल सीमा हुआ सील, अररिया में मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह तैयार

फारबिसगंज/अररिया। अररिया लोकसभा सीट पर मंगलवार को मतदान होना है. मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. आसमान में उमड़े बादल के कारण मौसम में थोड़ी नमी आयी है. इससे जिला प्रशासन को इस बात का भरोसा है कि पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम नहीं होगा। प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन भी तेज हो गयी है। ऐसे में एक प्रतिशत भी कम मतदान प्रतिशत किसके लिये नुकसानदायक होगा कहना मुश्किल है। बहरहाल 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के तीन मुख्य दलों समेत छह निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर, अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो मोबिनुल हक, शत्रुध्न प्रसाद सुमन शामिल है।

लोकसभा चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा 48 घंटे पूर्व भारत-नेपाल सीमा को कस्टम के अधिकारियों ने जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद व जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी की उपस्थिति में सील कर दिया। वही, सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूर्णत: रोक लगा दी गयी है। भारतीय पक्ष द्वारा सीमा सील किये जाने के बाद नेपाल ने भी अपनी सीमा को सील कर दिया है। सीमा सील होने के बाद दर्जनों गाड़ियां, जो नेपाल सैर-सपाटे अथवा किसी कार्य से गयी थीं फंसी रह गयीं। इस संबंध में जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने कहा कि सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है। जो लोग सीमा सील होने के बाद नेपाल में या भारत में फंस गये हैं, सिर्फ उन्हें ही पहचान पत्र दिखाने के बाद आने-जाने दिया जायेगा। जो भी लोग नेपाल से भारत यात्रा करने जानेवाले हैं, उन्हें यात्रा टिकट दिखाने के बाद ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। अब सीमा को 48 घंटे बाद मंगलवार को चुनाव समाप्त होने के बाद ही खोला जायेगा।

झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव को प्रशासनिक पुख्ता इन्तजाम: डीएम

मधुबनी। झंझारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर इवीएम के साथ प्रतिनियुक्त कर्मियों को भेजने का कार्य सोमवार संध्या तक जारी बताया। स्थानीय वाट्सन विद्यालय परिसर से बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के सभी 338 मतदान केन्द्रों पर सोमवार को चुनाव कार्य को व्यवस्थित इन्तजाम पूर्ण हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देशन में झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के सभी छह विधानसभा के अन्तर्गत चुनाव प्रक्रिया पूर्ण बताया।

डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के कुल 2035 मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र निर्भीक निष्पक्ष चुनाव कराने को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों चुनाव को पुख्ता प्रशासनिक इन्तजाम कर लिया गया। एसपी सुशील कुमार ने कहा कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों को एलर्ट किया गया।सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल व पदाधिकारी को तैनात किया है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में चुनाव को पीठासीन अधिकारी व अन्य मतदान कर्मियों के साथ इवीएम पहुंचने

की सूचना है। झंझारपुर में मंगलवार को निर्धारित मतदान का समय सुबह सात से शाम छह बजे अपराह्न तक है। झंझारपुर लोक सभा में छह विधानसभा क्रमश: खजौली, बाबूबरही, राजनगर, झंझारपुर, फुलपरास तथा लौकहा है। झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में पुरूष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 45 हजार 444 है। महिला मतदाताओं की संख्या 957507 तथा अन्य मतदाताओं की संख्या 89 बताया। कुल मतदाताओं की संख्या 20,03040 है। झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में मूल मतदान केन्द्र की संख्या विधानसभावार खजौली में 315, बाबूबरही में 338, राजनगर में 347, झंझारपुर में 344, फुलपरास में 338 व लौकहा में 353 मतदान केन्द्र पर इवीएम पहुंचाने की सूचना है। झंझारपुर लोक सभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदान केन्द्रों पर लाईव वेव कास्टिंग की व्यवस्थित इन्तजाम बताया।

एक नजर

हमास की कार्रवाई के बाद इजरायल ने राफा पर किए हवाई हमले, 16 लोगों की मौत

तेल अवीव। हमास के रॉकेट हमले के बाद इजरायल की सेना ने सोमवार को राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में एक परिवार के नौ लोग और दूसरे परिवार के सात सदस्य मारे गए। हमास ने दक्षिणी इजरायल में केरेम शालोम के पास हमला किया था। इसके जवाब में इजरायल ने ये कार्रवाई की है। हमास के हमले में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के तीन सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हो गए। जबकि घायलों में 931 बटालियन के जवान और शेक्ड बटालियन का एक जवान शामिल है। आईडीएफ के अनुसार, हमला राफा क्षेत्र से सुबह-सुबह किया गया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि युद्ध कैबिनेट सोमवार को बैठक करेगी और राफा पर जमीनी हमले पर फैसला करेगी। रक्षा मंत्री योव गैलेंट और बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री बेनी गैंट्ज़ दिन में बाद में होने वाली युद्ध कैबिनेट में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि हाल ही में काहिरा में हुई अप्रत्यक्ष मध्यस्थता वार्ता में इजरायल ने अपनी जेलों में बंद 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में मौजूद अपने कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने पर जोर दिया था। केरेम शालोम क्रॉसिंग पर हमास के हमले में तीन आईडीएफ सैनिकों की मौत और इजरायल की जवाबी कार्रवाई से काहिरा में शांति वार्ता की प्रगति प्रभावित होने की संभावना है।

इजरायल ने कहा, हमास के मोर्टार हमले में 3 सैनिक मारे गए

यरूशलम। हमास के मोर्टार हमले में कम से कम इजरायल के तीन सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर से फिलिस्तीनी एन्क्लेव और इजरायल के बीच केरेम शालोम क्रॉसिंग पर लगभग दस मोर्टार दागे गए। हमास ने हमले की जिम्मेदारी ली है। जवाबी कार्रवाई में इजरायली युद्धक विमानों ने उस लॉन्चर को निशाना बनाया जिससे मोर्टार दागे गए थे। क्षेत्र में स्थित एक सैन्य ढांचे पर हमला किया।

अमेरिका के कैलिफोर्निया में गोलीबारी, सात लोगों घायल

लॉस एंजिल्स। अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया के बंदरगाह शहर लॉन्ग बीच स्थित एक नाइट क्लब के बाहर हुयी गोलीबारी में सात लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह घटना शनिवार देर रात घटित हुयी। लॉन्ग बीच पुलिस विभाग ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अधिकारियों ने स्थानीय समय के अनुसार शनिवार रात करीब 11:15 बजे गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी। मौका पर पहुंचने पर अधिकारियों ने कई पीड़ितों को देखा और उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करना शुरू कर दिया। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में पहुंचाया गया। सभी सात पीड़ित वयस्क पुरुष हैं। घायलों में से तीन को गैर-जानलेवा चोटें आईं, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि कम से कम दो पुरुष संदिग्धों ने लोगों के एक समूह पर गोलियां चलाईं और गोलीबारी के तुरंत बाद संदिग्ध इलाके से भाग गए। पुलिस जासूस इस घटना की जांच कर रहे हैं।

दक्षिणी ब्राज़ील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 75 हुयी

साओ पाउलो। दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के बड़े हिस्से में आए भयंकर तूफान कारण 19 अप्रैल से अब तक कम से कम 75 लोगों की मौत हुयी है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को जारी अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एजेंसी ने कहा कि 155 अन्य लोग घायल हुए हैं और 103 अभी भी लापता हैं, जबकि राज्य के 496 शहरों में से 334 में से 107,600 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगा यह राज्य रिकॉर्ड बारिश से तबाह हो गया है। गुएबा नदी के तट टूट जाने के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे में अभूतपूर्व बाढ़ आई। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार लगभग 7,80,000 निवासी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। हजारों लोगों को हेलिकॉप्टरों द्वारा बचाए जाने की उम्मीद में नावों से अपने घरों से भागने या छतों पर चढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति को लेकर कहा कि उनका राज्य युद्ध स्थल के रूप में तब्दील हो गया है।

गाजा युद्ध पर बातचीत का एक और दौर समाप्त, हमास की टीम समझौते पर नेतृत्व के साथ परामर्श करेगी

काहिरा/तेल अवीव,एजेंसी। गाजा युद्ध पर अप्रत्यक्ष बातचीत का एक और दौर रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा में समाप्त हो गया। इसके बाद हमास के प्रतिनिधि अपने नेतृत्व से परामर्श के लिए कतर जाने वाले हैं। हमास प्रतिनिधिमंडल ने मध्यस्थों के प्रस्तावों पर प्रतिक्रिया दी थी और मिस्र व कतर के प्रतिनिधियों के साथ उन पर चर्चा की थी। संगठन के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने रविवार शाम को काहिरा छोड़ने और कतर में संगठन के नेताओं से परामर्श करने की योजना बनाई है। गाजा में महीनों से चल रहे संघर्ष का हल निकालने के लिए बातचीत का नया दौर शनिवार को शुरू हुआ था। इजरायल ने कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा था। दरअसल, सरकार इंतजार करना और यह देखना चाहती थी कि क्या हमास मध्यस्थों के लेटेस्ट प्रस्ताव को स्वीकार करेगा, जिसमें अमेरिका भी शामिल है। इसमें इजरायल और हमास के बीच एक बहु-स्तरीय समझौते की परिकल्पना की गई है। जिसमें गाजा में बंद शेष इजरायली बंधकों की रिहाई हो, इजरायली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई हो और गाजा में युद्ध समाप्त हो।

नवंबर में एक संक्षिप्त युद्धविराम के बाद संघर्ष के समाधान के लिए बातचीत महीनों से रुकी हुई है, जिसमें प्रगति की कमी के लिए इजरायल और हमास को दोषी ठहराया गया है। हमास ने रविवार को एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि वह बातचीत सकारात्मक भावना और जिम्मेदारी से कर रहा है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को फिर से अपना रुख दोहराया। उनका कहना है कि देश गाजा में युद्ध तब तक जारी रखेगा जब तक कि उसके सभी उद्देश्य हासिल नहीं हो जाते। अस्थायी युद्धविराम पर रुकी हुई बातचीत के लिए हमास को फिर से जिम्मेदार ठहराया। पीएम ने एक वीडियो संदेश में कहा, हमास की मांगों के आगे झुकना इजराइल के लिए एक भयानक हार होगी। यह हमारे दोस्तों और हमारे दुश्मनों के सामने भयानक कमजोरी प्रदर्शित करेगा। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम नेतन्याहू से बातचीत जारी रखने का आह्वान किया। रिपोर्टों के अनुसार, रविवार को एक फोन कॉल में राष्ट्रपति ने इजरायली प्रधानमंत्री को बातचीत को अच्छे परिणाम तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है। मैक्रों ने कथित तौर पर इस बात पर भी जोर दिया कि फ्रांस की प्राथमिकता सभी बंधकों की रिहाई है। फ्रांस चल रही बातचीत का पूरा समर्थन करता है।

एफबीआई का पूर्व एजेंट कामरान फरीदी रिहा, अमेरिका से लौटना होगा पाकिस्तान

लंदन,एजेंसी। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के पूर्व हाई-प्रोफाइल एजेंट कामरान फरीदी को अदालत ने फ्लोरिडा जेल से लगभग चार साल बाद सशर्त रिहा कर दिया। कामरान को इस साल अगस्त से पहले पाकिस्तान लौटना होगा। पाकिस्तान के जिओ न्यूज की वेबसाइट पर इस पर विस्तार से चर्चा की गई है।

जिओ न्यूज ने अदालत के आदेश पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि न्यूयॉर्क के दक्षिण जिले के जिला न्यायाधीश कैथी सीबेल ने फरीदी को 84 महीने की मूल सजा काटने से 72 महीने पहले रिहा करने का आदेश दिया। कामरान फरीदी कभी कराची का स्ट्रीट गैंगस्टर रहा है।अमेरिकी सरकार ने न केवल उसकी नागरिकता रद्द कर दी है, बल्कि संयुक्त अरब अमीरात और तुर्किये में उसके दो निवास परमिट भी रद्द किए जा चुके हैं। जेल से रिहा होने के बाद कामरान फ्लोरिडा में अपनी पत्नी केली के साथ रह रहा है। कामरान ने कहा है कि रिहाई पर अदालत ने कई शर्त लगाई हैं।उनमें प्रमुख है नागरिकता छोड़ना। यह नागरिकता 1990 के दशक की शुरुआत में एफबीआई के लिए काम करने के लिए सहमत होने के बाद मिली थी। फरीदी को 09 दिसंबर, 2022 को न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर में तीन पूर्व एफबीआई सहयोगियों को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 16 अगस्त, 2018 को लंदन में कराची के व्यवसायी जाबिर मोतीवाला की गिरफ्तारी में फरीदी की भूमिका रही है। फरीदी ने एफबीआई एजेंट

की भूमिका में पाकिस्तान सहित कई मुस्लिम देशों में आतंकवाद विरोधी अभियान से जुड़ा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 1995 से फरवरी 2020 तक एफबीआई के लिए काम करने वाले फरीदी का पतन 02 मार्च, 2020 को शुरू हुआ। अगले दिन उसे अपनी पत्नी केली के साथ मियामी से यूके में प्रवेश करने की कोशिश करते समय लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसने लंदन के लिए उड़ान भरने से पहले मोतीवाला के लंदन के वकीलों से बात की थी। मोतीवाला उस समय अमेरिका में प्रत्यर्पण की प्रतीक्षा में बेलमार्श जेल में बंद था।

पनामा के राष्ट्रपति चुनाव में अंतिम समय में उतारे गए प्रत्याशी मुलीनो जीत की ओर अग्रसर

पनामा सिटी। पनामा के राष्ट्रपति पद के चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति रिकार्डो मार्टिनेली के स्थान पर अंतिम समय में उतारे गए उम्मीदवार जोस राउल मुलीनो का इस मध्य अमेरिकी देश का नया नेता बनना तय है।

अधिकारियों ने रविवार रात तक 88 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ अनौपचारिक रूप से नतीजों की घोषणा की। पूर्व सुरक्षा मंत्री मुलीनो (64) को करीब 35 प्रतिशत वोट मिले हैं जिससे उन्हें अन्य प्रत्याशियों पर नौ अंकों की बढ़त मिल गयी है। पनामा में जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक मत मिलते हैं, वह चुनावों में विजेता होता है। तेजतर्रार पूर्व नेता मार्टिनेली को धन शोधन के मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था जिसके बाद मुलीनो को

उतारा गया। पनामा के हाल के इतिहास में अब तक के सर्वाधिक उथल-पुथल वाले चुनाव के बाद मुलीनो का देश का नया नेता बनना तय माना जा रहा है। उनके सामने अर्थव्यवस्था में मंदी, ऐतिहासिक स्तर पर विस्थापन, पनामा नहर में परिवहन को बाधित कर रहा सूखा और पिछले साल बड़े पैमाने पर हुए खनन विरोधी प्रदर्शनों के बाद आर्थिक परिणामों की चुनौती होगी।

लेबनान में इजरायली हमलों में चार की मौत

बेरूत,एजेंसी। लेबनान के मेस अल-जबल में इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों के मुताबिक रविवार को इजरायली युद्धक विमानों ने मेस अल-जबल में मिसाइल हमला किया जिससे एक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। हमले में लेबनानी नागरिक सुरक्षा टीम के एक सदस्य सहित तीन अन्य लोग घायल हो गए।

सूत्रों के अनुसार, हताहतों को बिंट जेबिल शहर के सलाह घंडौर अस्पताल ले जाया गया। इस बीच, लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने हताहतों की संख्या बताए बिना कहा कि उसके लड़ाकों ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों के जवाब में उत्तरी इजरायली शहर किर्यत शमोना को कई रॉकेट दागे हैं। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने बताया कि सतह से सतह पर मार करने वाली लगभग 20 मिसाइलें दक्षिणी लेबनान से उत्तरी इज़रायल की ओर दागी गयीं, जिनमें से कुछ को इज़रायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। गौरतलब है कि आठ अक्टूबर, 2023 से लेबनान-इज़रायल सीमा पर तनाव बढ़ गया

है। इससे एक दिन पहले पहले इज़रायल पर हमास के हमले के समर्थन में हिज़्बुल्लाह द्वारा इज़रायल की ओर रॉकेट दागे गए थे। इसके बाद इज़राइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिण-पूर्वी लेबनान की ओर गोलाबारी की। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिजबुल्लाह और इज़रायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 449 लोग मारे गए हैं, जिनमें 283 हिजबुल्लाह सदस्य और 84 नागरिक शामिल हैं।

राफा पर जल्द ही हमला शुरू किया जायेगा: गैलेंट

यरूशलम। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि गाजा के दक्षिण में राफा शहर पर हमले शुरू करने का आदेश बहुत जल्द दिया जाएगा। गैलेंट ने अपने आधिकारिक अकाउंट एक्स पर एक फोटो पोस्ट साझा की है जिसमें वह गाजा के मध्य क्षेत्र में एक दौरे के दौरान कमांडरों के साथ हेलमेट पहने चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल के अनुसार हमास के साथ किसी समझौते पर पहुंचने की संभावना कम है।

इसका निहितार्थ राफा और गाजा पट्टी के अन्य इलाकों में बहुत जल्द बड़े पैमाने पर ऑपरेशन होगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, लगभग 10.2 लाख लोग अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ अकालग्रस्त उत्तरी गाजा में इजरायली बमबारी से बचकर राफा में शरण लिए हुए हैं। इजरायल और हमास गाजा में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से युद्धविराम समझौते पर अप्रत्यक्ष बातचीत में लगे हुए हैं। दोनों पक्षों के बीच विवाद का मुख्य मुद्दा संघर्ष विराम की अवधि को लेकर है। हमास की मांग है कि इजराइल संघर्ष रोक दे,



जबकि इजरायल तब तक संघर्ष जारी रखने पर जोर दे रहा है जब तक हमास हार नहीं मान लेता है।

नेपाली संसद का बजट सत्र मंगलवार से, स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

काठमांडू,एजेंसी। नेपाली संसद का बजट सत्र मंगलवार से शुरू होगा। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बिना सत्र चले ही संसद को स्थगित करने के बाद इस बार बजट सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

स्पीकर घिमिरे ने संसद में प्रतिनिधित्व कर रहे सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और संसदीय दल के नेताओं को बैठक के लिए निमंत्रण भेजा है। उन्होंने बताया कि यह बजट सत्र बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसलिए सत्र को सुचारू ढंग से चलाने के लिए मैंने यह पहल की है। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान राष्ट्रपति का अभिभाषण होना है, इसलिए सभी दलों के बीच में संसद सत्र को लेकर सहमति बननी चाहिए। स्पीकर की तरफ से दलों के बीच सहमति कराने के प्रयासों के बीच प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि सहकारी घोटाले की जांच और गृहमंत्री की संलग्नता को लेकर जब तक संसदीय जांच समिति का गठन नहीं हो जाता है, तब तक संसद नहीं चलने दी जाएगी। नेपाली कांग्रेस की

इस मांग पर अन्य विपक्षी दलों राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनमत पार्टी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी का भी समर्थन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोईराला ने कहा कि या तो गृहमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए या फिर सरकार को संयुक्त संसदीय जांच समिति का गठन करना चाहिए। विपक्षी दल की मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय जांच समिति के गठन का संकेत किया है। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख सचेतक रमेश लेखक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमारी पार्टी के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा को फोन कर संसदीय समिति गठन का प्रस्ताव किया है लेकिन कांग्रेस की तरफ से जांच समिति गठन और इसके कार्यविधि को लेकर कुछ शर्तें रखी है। उसके बाद ही उनका विरोध खत्म होने की बात बताई गई है।

दक्षिण ब्राजील में बाढ़ से कम से कम 75 की मौत, 103 लोग लापता

रियो डी जेनेरियो। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांड डो सुल में भयावह बाढ़ में पिछले सात दिन में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है और 103 अन्य लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ से संबंधित घटनाओं में कम से कम 155 लोग घायल हो गए, जबकि 88,000 से अधिक लोगों को बेघर होना पड़ा है। लगभग 16,000 लोगों ने विद्यालयों, व्यायामशालाओं और अन्य अस्थायी आश्रयों में शरण ली है। बाढ़ के कारण राज्य में जगह-जगह भूस्खलन, सड़कें बह जाने और पुलों के ढह जाने की खबरें हैं। आठ लाख से अधिक लोग बिना जल आपूर्ति के रहने को मजबूर हैं। गवर्नर एडुअर्डो लीते ने रविवार सुबह कहा, ''मैं एक बार फिर दोहरा रहा हूं कि तबाही का यह मंजर अभूतपूर्व है।

इससे पहले उन्होंने कहा था कि राज्य को ''पुनर्निर्माण के लिए एक तरह के 'मार्शल प्लान' की जरूरत होगी। राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला डि सिल्वा ने रविवार को दूसरी बार राज्य का दौरा किया।

बांग्लादेश ने युद्ध अपराधों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान किया

ढाका,एजेंसी। बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने वर्तमान फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष को तत्काल समाप्त करने, मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने, युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराने का आह्वान किया है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय के अनुसार, गाम्बिया की राजधानी बंजुल में 15वें ओआईसी शिखर सम्मेलन में हसन महमूद ने कहा, हमें, ओआईसी (इस्लामिक सम्मेलन के संगठन) के सदस्यों को गाजा संकट को समाप्त करने के लिए बहु-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय भागीदारी का हिस्सा बनना चाहिए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री ने कहा कि ओआईसी को इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने, सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए सरकारों और संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ तथा अन्य संगठनों जैसे अंतर-सरकारी संस्थाओं के साथ बातचीत जारी रखनी चाहिए। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिण इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोगों का अपहरण कर लिया था। इसके बाद इजरायल ने गाजा में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर युद्ध छेड़ दिया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में 34,600 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 77,800 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। हमलों के कारण गाजा में घरों और बुनियादी ढांचे को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।



पुलिस के पहुंचने के बाद युद्ध के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्र परिसर से निकले

वाशिंगटन। गाजा में हो रहे युद्ध का विरोध कर रहे छात्रों ने पुलिस से घिरे होने के बाद रविवार तड़के यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया (यूएससी) में अपना शिविर छोड़ दिया जबकि नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह बोस्टन के फेनवे पार्क में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

पिछले महीने हुई कई गिरफ्तारियों के बाद दोनों स्थानों के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। लॉस एंजिलिस स्थित यूएससी में 94 लोगों और बोस्टन स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में करीब 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यूएससी परिसर में सुरक्षा अधिकारियों की सहायता के लिए लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग के कई अधिकारी सुबह लगभग चार बजे परिसर में पहुंच गए। विश्वविद्यालय ने सोशल मीडिया पर और व्यक्तिगत रूप से प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तारी की चेतावनी दी थी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारियों को अपना सामान पैक करते और विश्वविद्यालय से निकलते हुए देखा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है। विश्वविद्यालयों तथा पुलिस के बयानों के आधार पर 'एपी' द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार 18 अप्रैल से अब तक करीब 50 परिसरों में लगभग 2,500 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक नजर

फुटबॉलः पीएसवी आइंडहोवन ने अपना 25वां एरेडिविसी खिताब जीता

द हेग,एजेंसी। पीएसवी आइंडहोवन ने रविवार को फिलिप्स स्टेडियम में स्पार्टा रॉटरडैम को 4-2 से हराकर अपना 25वां एरेडिविसी खिताब हासिल किया। इस जीत के साथ ही आइंडहोवन का छह साल से चला आ रहा डच लीग ट्रॉफी जीतने का इंतजार भी खत्म हुआ। पीएसवी को ट्रॉफी जीतने के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता थी, लेकिन टीम मैच के शुरुआत में ही पिछड़ गई और 8वें मिनट में ही मेटिन्हो ने गोल कर रॉटरडैम को बढ़त दिला दी, लेकिन 19वें मिनट में सईद बाकरी के आत्मघाती गोल और 26वें मिनट में जोहान बाकायोको के गोल की बदौलत पीएसवी ने 2-2 की बराबरी हासिल कर ली। हालांकि, दूसरे हाफ में पीएसवी ने आक्रामक खेल दिखाया और बोस्कागली (67वें मिनट) और जॉर्डन टेज़े (78वें मिनट) के गोलों ने 4-2 से जीत सुनिश्चित कर दी। इस जीत के साथ, पीएसवी के अब 32 मैचों में 87 अंक हो गए हैं, जबकि अभी दो मैच और खेले जाने हैं। पिछले सीजन के चैंपियन फेयेनोर्ड पहले से ही दूसरे स्थान पर हैं, दोनों टीमों को अगले सीजन के यूईएफए चैंपियंस लीग के लिए सीधे टिकट मिल गए हैं। कोच पीटर बोस के नेतृत्व में, जिन्होंने पिछले साल रूड वैन निस्टेलरॉय की जगह ली थी, पीएसवी ने शानदार सीजन खेला है, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी को एफसी उट्रेच में 1-1 से ड्रॉ से पहले लगातार 17 एरेडिविसी जीत से हुई थी। टीम को पहली और अब तक की एकमात्र हार इस साल 30 मार्च को एनईसी निजमेगेन के खिलाफ मिली थी। पीएसवी ने अगस्त में फेयेनोर्ड पर जीत के साथ डच सुपर कप भी जीता, और डच दिग्गज चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में भी पहुंचे, लेकिन जर्मन टीम बोरुसिया डॉर्टमुंड से हार गए। पीएसवी की एरेडिविसी जीत क्लब के इतिहास में 25वीं जीत है। पहले नंबर पर 36 खिताब के साथ अजाक्स की टीम है।

आईपीएलः धर्मशाला पहुंची आरसीबी की टीम, कोहली अभी नही पहुंचे

धर्मशाला। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में भाग लेने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर (आरसीबी) की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। टीम के साथ विराट कोहली अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। आरसीबी टीम 9 मई को किंग्स पंजाब इलेविन के खिलाफ मैच खेलेगी। आरसीबी की टीम को होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया गया है। आईपीएल के मैचों की श्रंखला के तहत 9 मई को स्थानीय हिमाचल क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अपना मैच खेलने के लिए रॉयल चैलेंजर बैंगलोर की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे आरसीबी टीम के खिलाड़ी गगल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर टीम का स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के दीदार के लिए उत्सुक दिखे। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच टीम को धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू पहुंचाया गया। होटल पहुंचने पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। आरसीबी टीम के साथ विराट कोहली नहीं आये हैं। जानकारी मिली है कि वह बाद में टीम को ज्वाइन करेंगे। आरसीबी की टीम का 9 मई को पंजाब के साथ मुकाबला होना है।

भारतीय पुरुष और महिला 4गुणा400 मीटर रिले टीमों को ओलंपिक कोटा

नासाउ। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने विश्व एथलेटिक्स रिले प्रतियोगिता की 4 गुणा 400 मीटर रिले स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल कर लिया है। थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में शनिवार को क्वालीफाई करने में असफल रहने वाली सभी टीमों ने रविवार को एक अतिरिक्त क्वालीफाइंग राउंड में प्रतिस्पर्धा की। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने दूसरे दौर की हीट में 4 गुणा 400 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक 2024 का कोटा हासिल किया।

मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की भारतीय पुरुष 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय 3ः03.23 का समय के साथ हीट 2 में अमेरिका से पीछे रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइ किया। वहीं महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में रूपल, ज्योतिका श्री दांडी, एमआर पूवम्मा और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3ः29.35 का समय दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक कोटा हासिल किया। जमैका पहले स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है कि भारतीय धावक रविवार को दूसरे मिश्रित रिले क्वालीफाइंग राउंड की दूसरी हीट में शुरू नहीं कर पाए। हालांकि भारतीय टीम अभी भी पेरिस ओलंपिक 2024 में इस स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर सकती है।

सूर्यकुमार का तूफानी शतक, मुंबई ने हैदराबाद को सात विकेट से हराया

मुंबई,एजेंसी। सूर्यकुमार यादव नाबाद (105) और तिलक वर्मा नाबाद 37 रनों की तूफानी पारियों के दम पर मुम्बई इंडियंस ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। मुम्बई की 12 मैचों में यह चौथी जीत है। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में इशान किशन (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में रोहित शर्मा (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में नमन धीर को शून्य पर आउट कर मुम्बई को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाते हुये नाबाद (102) रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा 32 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक और सूर्यकुमार के बीच अवजित 143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए आईपीएल में चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मुम्बई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसन और पैट कमिंस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने अभिषेक शर्मा आउट कर मुम्बई को पहली सफलता दिलायी। इसके बाद आईपीएल में पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक अग्रवाल (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। नितीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में 20 रन, हाइनरिक क्लासन (2), मार्को यानसन (17), शाहबाज अहमद (10), अब्दुल समद (3) रन बनाकर आउट हुये। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुये सर्वाधिक (48) रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया। कप्तान पैट कमिंस और सनबीर ने पारी को संभाला। कमिंस ने 17 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 35 रनों की पारी खेली। सनबीर सिंह आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से हार्दिक पांड्या और पीयुष चावला ने तीन-तीन विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

भारतीय महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से बंगलादेश को 56 रनों से हराया

सिलहट,एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (39) रन और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने सोमवार को वर्षा बाधित चौथे टी-20 मुकाबले में डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से बंगलादेश को 56 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 4-0 बढ़त बना ली है। वर्षा के कारण बंगलादेश को 14 ओवर में जीत लिये 125 रनों के लक्ष्य मिला था। बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में मुर्शीदा खातून (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद आठवें ओवर में दिलारा अख्तर (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गयी। रुबिया हैदर (13), कप्तान निगार सुल्ताना (1), शोरना अख्तर (5), ऋतु मोनी (1) राबेया खान (8) रन बनाकर आउट हुई। शोरिफा खातून 11 और नाहिदा अख्तर दो रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजों के आगे बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं खेल सका। बंगलादेश की टीम 14 ओवर में सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी और मुकाबला 56 रनों से हरा गयी।

भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और सोभना आशा ने दो-दो विकेट लिये। पूजा वस्त्रकर और राधा यादव को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बंगलादेश की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा (2) रन का विकेट गवां दिया। पांचवें ओवर में दयालन हेमलता 14 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुई। स्मृति मंधाना ने 18 गेंदों में 22 रन बनाये। उन्हें राबेया खान बोल्ड आउट किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 26 गेंदों में टीम के लिए सर्वाधिक 39 रन बनाये। ऋचा घोष ने 15 गेंदों में 24 रनों की पारी खेली। संजीवन सजना आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने 14ओवर में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश की ओर से मारुफा अख्तर और राबेया खान ने दो-दो विकेट लिये। शोरिफा खातून ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

चीन ने जीता थॉमस और उबेर कप बैटमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

चेंगदू,एजेंसी। चीन की पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर छह साल के इंतजार को खत्म करते हुए थॉमस कप बैटमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है, जबकि महिला टीम ने भी रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 2020 के बाद पहली बार उबेर कप पर कब्जा किया। 2012 के बाद यह पहला मौका था जब पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में एक ही दो देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ खेला।

थॉमस कप में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शि यूकी ने चीन के लिए शानदार शुरुआत की, उन्होंने इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग के खिलाफ 21-17, 21-6 से जीत दर्ज कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगल मुकाबले में लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने 64 मिनट तक चले मैच में फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दियांतो को 21-18, 17-21, 21-17 से हराकर स्कोर 2-0 कर दिया, हालांकि जोनाथन क्रिस्टी ने ली शिफेंग को 21-16, 15-21, 21-17 से हराकर इंडोनेशिया को व्हाइटवॉश होने से बचा लिया। इसके बाद दूसरे युगल में, ही जिटिंग और रेन जियांग्यू ने मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना पर 21-11, 21-15 से शानदार जीत दर्ज करके चीन को 3-1 से जीत दिलाई और खिताब अपने नाम कर लिया। चैंपियनशिप पर कब्ज़ा करने के साथ ही, चीन ने इस द्विवार्षिक टूर्नामेंट में अब तक कुल 11 खिताब जीते हैं। इस सूची में इंडोनेशिया 14 खिताबों के साथ शीर्ष पर है। इससे पहले रविवार की सुबह, चीन की महिला टीम ने इंडोनेशिया को तीन घंटे के भीतर हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई ने एकल मुकाबले में ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर बढ़त बनाई। विश्व की नंबर 1 चेन किंगचेन और जिया यिफान ने युगल मुकाबले में सिती फादिया सिल्वा रामधंती और रिबका सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर चीन को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद दूसरे एकल मुकाबले में, इंडोनेशियाई किशोरी एस्टर नूरुमी ट्राई ने पहला सेट 21-10 से जीता, लेकिन ही बिंगजियाओ ने वापसी करते हुए 21-15, 21-17 से जीत दर्ज की और उबेर कप पर कब्जा कर लिया।

श्रीलंका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए किया क्वालीफाई

अबू धाबी,एजेंसी। श्रीलंका ने इस साल के आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 3 से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। श्रीलंका ने रविवार को अबू धाबी में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 15 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने स्कॉटलैंड के साथ दूसरे क्वालीफायर के रूप में टी-20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। श्रीलंकाई टीम अब मंगलवार, 7 मई को उसी मैदान पर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर फाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी।

मैच में यूएई ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। सलामी बल्लेबाज विशमी गुनारत्ने और कप्तान चमारी अथापथु ने 7.2 ओवर में 52 रन की साझेदारी करके श्रीलंकाई टीम को अच्छी शुरुआत दी। अथापथु (21) ने लगातार दो छक्कों सहित कुछ बड़े शॉट्स खेले, हालांकि यूएई की लेग स्पिनर वैष्णव महेश (2/33) ने उन्हें आउट कर यूएई को राहत की सांस दिलाई। इसके बाद गुनारत्ने ने हर्षिता मदावी (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए 44 रन जोड़े, इस साझेदारी को महेश ने तोड़ा, जिन्होंने 16वें ओवर में मदावी को पवेलियन भेजा। गुनारत्ने, जिन्होंने अपनी 45 रन की पारी (पांच पारियों में 180 रन) के दौरान कैथरीन ब्राइस को टूर्नामेंट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी के तौर पर पीछे छोड़ा, को ईशा ओज़ा (2/27) ने वाइड बॉल पर स्टंप आउट कर दिया। दाएं हाथ की इस बल्लेबाज़ ने अपनी 44 गेंदों की पारी में पांच चौके लगाए। गुनारत्ने के आउट होने के बाद, मध्यक्रम की बल्लेबाज़ हसिनी परेरा (15), कविशा दिलहारी (17) और नीलाक्षी डी सिल्वा (18) ने डेथ ओवरों में आठ चौके लगाए और टीम को 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रनों के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई के लिए कप्तान ईशा ओजा ने टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन पारी खेली और यूएई ने श्रीलंका को कड़ी टक्कर दी। यूएई ने पहले ओवर में ही तीर्था सतीश को बिना कोई रन बनाए खो दिया। इसके बाद ओजा ने खुशी शर्मा (22) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। उन्होंने कविशा एगोडेज (16) के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 रन जोड़कर अपनी टीम को मैच में बनाए रखा। ओजा ने 44 गेंदों पर 66 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें चार बड़े छक्के शामिल थे। श्रीलंका को जरूरी सफलता तब मिली जब दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 16वें ओवर में उदेशिका प्रबोधनी ने 108 के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। अपनी शानदार पारी के दौरान, ओजा ने 47.25 की औसत से 189 रन बनाकर टूर्नामेंट में अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर गुनारत्ने को पीछे छोड़ दिया।

अजमल की संघर्षपूर्ण जीत, हिंदुस्तान और नेशनल का मैच रहा ड्रॉ

नई दिल्ली। डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के एक रोमांचक मुकाबले में अजमल एफसी ने दिल्ली टाइगर्स को 4-2 से हरा कर सुपर सिक्स में पहुंचने की संभावना को बनाए रखा है।

विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए दिन के पहले मैच में नेशनल यूनाइटेड और हिंदुस्तान एफसी के बीच मैच 2-2 से ड्रा रहा और दोनों टीमों के बीच अंक बांट गए। अजमल के लिए अभय सिंह, हैरी, पंकज नेगी और शोर्यबल्या ने गोल दागे। टाइगर्स ने जमकर संघर्ष किया और विलबुय एवम अक्षय हुरिया के गोलों से मैच में वापसी की लेकिन कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के चलते मैच गंवाना पड़ा। हिंदुस्तान और नेशनल खेले गये मुकाबले मे हिंदुस्तान ने तालिब नजीर और रॉबिनसन के गोलों से दो गोलों की बढ़त लेने के बाद प्रतिद्वंद्वी को आसानी से लिया और दो हास्यास्पद गोल खा कर अंक बांट लिए। नेशनल के लिए लालबोइलें और विलबर्ट ने तोहफे में मिले गोल। नेशनल और हिन्दुस्तान ने 15-15 मैच खेलने के बाद क्रमशः 15 और 14 अंक हैं।

सुनील नरेन ने केकेआर के लिए सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की

लखनऊ,एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) पुरस्कार जीतने के आंद्रे रसेल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। नरेन ने रविवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नरेन ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 207.69 की स्ट्राइक रेट से 81 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 6 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने एक विकेट लिया और अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें पीओटीएम चुना गया।

इसके साथ ही उनके पास कोलकाता स्थित फ्रैंचाइज़ी के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। जबकि रसेल के पास भी केकेआर के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने 10 पीओटीएम पुरस्कार जीते हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं। लखनऊ और कोलकाता के बीच खेले गए मैच की बात करें तो टॉस जीतकर एलएसजी ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। नरेन के 81 रन और फिल साल्ट (32), अंगकृष रघुवंशी (32) और रमनदीप सिंह (25*) की दमदार पारियों की बदौलत केकेआर ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 235 रन बनाए। एलएसजी के लिए नवीन-उल-हक ने अपने 4 ओवरों में 49 रन देकर 3 विकेट लिए। यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और युद्धवीर सिंह को एक-एक विकेट मिला। 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। मार्कस स्टोइनिस (36) और कप्तान केएल राहुल (25) के अलावा कोई और बल्लेबाज नहीं चल सका और एलएसजी की टीम 16.1 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई। केकेआर के लिए हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने 3-3 विकेट लिए। केकेआर आठ जीत, तीन हार और 16 अंकों के साथ शीर्ष पर है। एलएसजी छह जीत, पांच हार और 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

एक नजर

पुंछ आतंकवादी हमला: पुलिस ने किए दो स्केच जारी, पता बताने वाले को मिलेगा 20 लाख रुपये का इनाम

जम्मू,एजेंसी। जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिये सघन तलाशी अभियान के बीच केन्द्रशासित प्रदेश पुलिस ने सोमवार को दो आतंकवादियों का स्केच जारी किया और इनका पता बताने वाले को 20 लाख रुपये के इनाम देने की घोषणा तथा पहचान गुप्त रखने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि आतंकवादियों के एक समूह ने चार मई को पुंछ जिले के मेंढर-सूरनकोट इलाके में भारतीय वायु सेना के एक काफिले पर हमला किया, जिसमें वायु सेना के जवान विक्की पहाड़े शहीद हो गये और सेना के अन्य चार जवान घायल हो गये थे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमले के बाद से सघन तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने कहा कि दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए गये हैं और आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में जानकारी साझा करने वाले व्यक्ति को 20 लाख रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की गयी है तथा आतंकवादियों के बारे में बताने वाले व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की जाएगा। पुलिस ने बताया कि हमले के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिये कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा, हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है।

मोदी सरकार हिन्दू-मुसलमानों के बीच बढ़ा रहे हैं तनाव: चेन्निथला

मुंबई,एजेंसी। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हार के डर से अपने भाषणों में 'हिन्दू-मुस्लिम, पाकिस्तान' का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। श्री चेन्निथल ने आज यहां तिलक भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुये कहा, लोक सभा चुनाव के लिए अब तक हुए मतदान में यह स्पष्ट है कि इंडिया-अघाड़ी को लोगों का समर्थन प्राप्त है। लोग देश के साथ-साथ राज्य में भी बदलाव चाहते हैं। भाजपा को एहसास हो गया है कि लोगों का फैसला उनके

खिलाफ है और हार के डर से श्री मोदी जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं उसका स्तर अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। श्री मोदी हिंदू-मुस्लिम और पाकिस्तान का हवाला देकर धार्मिक तनाव भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए 10 साल में कुछ नहीं किया है। अब जब लोगों के पास कहने के लिए कुछ नहीं है तो श्री मोदी धार्मिक तौर से बांटने की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सार्वजनिक तौर पर कहते हैं कि दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग है, किसी ने ऐसी मांग नहीं की है, तो ऐसा क्यों हो रहा है? वह इस मुद्दे को उठा रहे हैं और उन्हें यह किसने बताया? वे केवल लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं, लेकिन इसका जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, श्री मोदी विपक्षी दलों के नेताओं के बारे में भी निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ श्री मोदी द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा गलत है और प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए यह अशोभनीय है। लोगों को अब मोदी सरकार पर भरोसा नहीं है और कांग्रेस के अभियान को लोगों का समर्थन मिल रहा है। लोग कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने घोषणापत्र में दी गई गारंटी पर विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह-अघाड़ी लोकसभा चुनाव जीतेगी और पूरे देश में उनकी पार्टी के पक्ष में माहौल है।

पीडीपी के पूर्व राज्यसभा सांसद ने अनुच्छेद 370 निरस्त करने में की थी भाजपा की मदद: उमर

श्रीनगर,एजेंसी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रहे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के पूर्व राज्यसभा सदस्य ने राज्य में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मदद की थी। श्री अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके में एक सार्वजनिक रैली के दौरान कहा, मेरे खिलाफ बारामूला संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे पीडीपी के फैयाज अहमद मीर उस समय अनुपस्थित रहे, जब राज्यसभा में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर मतदान हुआ।

उन्होंने दावा किया कि उस समय भाजपा बहुमत में नहीं थी और पीडीपी सदस्य के अनुपस्थित रहने से अनुच्छेद 370 को हटाने में सीधे तौर पर नरेंद्र मोदी सरकार को मदद मिली। नेकां उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया, क्या हमें ऐसे सदस्यों को फिर से संसद में भेजना चाहिए जिन्होंने भाजपा की मदद की और अब भी उनकी मदद कर रहे हैं। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा देश में नागरिक संशोधन कानून, समान नागरिक संहिता और अन्य चीजों के नाम पर नफरत फैला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर में पार्टियां हमेशा नेशनल कॉन्फ्रेंस को ही निशाना

बनाती हैं, भले ही भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, हमारी पहचान, प्रतिष्ठा छीन ली और सब कुछ नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, भाजपा मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला रही है, लेकिन राजनीतिक दल अपने भाषणों के दौरान केवल नेशनल कॉन्फ्रेंस को निशाना बनाते हैं। मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे बाहर आएं और 20 मई को मेरे पक्ष में मतदान करें और मैं आश्वासन देता हूं कि अगले पांच वर्षों के दौरान लोगों के लिए काम करूंगा। नेकां उपाध्यक्ष ने पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन की भी आलोचना की, जो बारामूला से चुनाव लड़ रहे हैं।

विधायक आवासों में सुरक्षा एवं सुविधाओं के व्यापक प्रबन्ध: देवनानी

जयपुर,एजेंसी। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधायक आवासों में सुरक्षा और बेहतर सुविधाओं के व्यापक प्रबन्ध किये जा रहे है। श्री देवनानी ने उनकी अध्यक्षता में सोमवार को यहां विधानसभा में हुई गृह समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवासों के संबंध में दिशा-निर्देशों का निर्धारण किया गया है। परिसर में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि परिसर में एसबीआई बैंक का एटीएम जयपुर डेयरी द्वारा सरस पार्लर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एलोपैथी चिकित्सालय और सहकारी उपभोक्ता संघ द्वारा डिपार्टमेंन्टल स्टोर का संचालन शीघ्र ही आरम्भ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि विधायकों और उनके परिजनों के लिए सुविधाओं के म ?द्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र किये जाने के निर्णय बैठक में लिये गये है। श्री देवनानी ने बताया कि विधायकों एवं उनके परिजनों के लिए विधायक आवास परिसर में जिम और तरणताल का भी संचालन किया जा रहा है। इनमें महिलाओं के लिए अलग से समय तय किया गया है। विधायकों के अतिथियों के लिए अतिथिगृह का संचालन होगा। श्री देवनानी ने बताया कि विधायक आवासों में से 137 आवासों का आवंटन विधायक को कर दिया गया है। इसमें से 112 विधायक ने आंवटित आवास का कब्जा भी ले लिया है। अभी 25 विधायक शीघ्र ही आंवटित आवास का कब्जा ले लेंगे। उन्होंने बताया कि आवासों के संबंध में गृह समिति ने दिशा-निर्देश तय किये है। फ्लैटों के लिए दिशा-निर्देशों को लागू करवाने के लिए ब्लॉकवार प्रबंधन समिति का गठन किया जायेगा। प्रबंधन समिति में ब्लॉक में निवास करने वाले विधायकगण के साथ विधानसभा सचिवालय के संबंधित अधिकारी भी शामिल होंगे। परिसर के कॉमन एरिया में सफाई व्यवस्था व सहायकों का पुलिस सत्यापन समिति द्वारा कराया जायेगा। पालतू जानवर के लाइसेंस व उनको पालने के लिए नगर निगम के निर्धारित नियम लागू होंगे। परिसर में धूम्रपान, विज्ञापन प्रकाशन, छतों पर प्रवेश और खुले कॉमन एरिया में समारोह का आयोजन किया जाना निषेध रखा गया है।

महिलाओं को 1500 देना कांग्रेस की प्राथमिकता: अग्निहोत्री

ऊना,एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि महिलाओं को 1500 देना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति में महिलाओं को 1500 मिलना शुरू हो गए हैं, शेष हिमाचल में फॉर्म भरे जा रहे हैं, चुनाव के संपन्न होते ही महिलाओं के खाते में 1500 डाल देगी सरकार। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो यह पूछ रही थी कि 1500 कब मिलेंगे अब जब मिल रहे हैं तो चुनाव आयोग के पास शिकायत लेकर गई है, कि यह पैसे महिला को नहीं मिलने चाहिए। उन्होंने कहा है कि भाजपा के नेता बताएं कि क्यों गए महिलाओं के विरोध में चुनाव आयोग के पास?

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि हमने अपना पक्ष रखा है और फॉर्म भरे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने का काम कांग्रेस ने किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो कर्मचारी विरोधी चेहरा दिखा रही है। श्री अग्निहोत्री सोमवार को कुटलैहड़ क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी विवेक शर्मा के समर्थन में वोट मांग रहे थे। इस दौरान उन्होंने जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा पर कड़े प्रहार किये वहीं विवेक शर्मा को जिताने की अपील जनता से की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा को आटे दाल का भाव पता चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सशक्त प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की हालत यह है कि प्रत्याशी अपने नाम के काम पर वोट तक नहीं मांग पा रहे हैं, व जनता के बीच है कि वह किस प्रकार से कैसी-कैसी बातें

करके किसके नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह देखना है की जो लोग अपने काम पर, अपने विजन पर वोट नहीं मांग सकते वह क्या करेंगे?

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसे लोग जिन्होंने जनता पर 14 महीने में चुनाव थोपा है जनता ऐसे नेताओं को सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि इनसे पूछे 14 महीने में तो किताबें नहीं पढ़ी जाती विधानसभा की और यह जो पहली बार विधायक बने वह उठकदूपठक में ही चले गए। जनता के साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि आम जनता इनको सबक सिखाएगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विकास किया है, विकास करेगी और कांग्रेस की पहचान विकास है ,हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार मजबूत है। उन्होंने कहा कि हम जनता के लिए काम कर रहे हैं और मजबूती के साथ करेंगे। श्री अग्निहोत्री ने कहा कि रोजगार देना हमारी प्राथमिकता है। 10000 नौकरियां जल शक्ति विभाग में दी जा रही है ,350 नौकरियां परिवहन विभाग में दी जा रही हैं, व अन्या विभागों में नौकरियां भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना हमारी

मोदी के 400 पार नारे की निकल गई है हवा: प्रो रामगोपाल यादव

इटावा,एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता प्रो.रामगोपाल यादव ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार नारे की बुरी तरह से हवा इंडिया गठबंधन ने निकाल दी है इसलिए संसदीय चुनाव में भाजपा 400 तो दूर 200 सीटे भी हासिल करती हुई नही दिख रही है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता प्रो. रामगोपाल यादव ने सैफई स्थित अपने आवास पर सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की व्यापक मजबूती के साथ ही केंद्र से भाजपा का चल चलाव शुरू हो गया है और भाजपा का सत्ता से जाने तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को अब कोई नोटिस में नहीं लेता है भाजपा का सत्ता से जाना तय है। भारतीय जनता पार्टी ने पहले एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया था जिसके बाद में अबकी 400 पार किया गया से जुड़े हुए सवाल के जवाब में यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए अबकी बार 400 पार का नारा तो दिया लेकिन भारतीय जनता पार्टी वास्तविकता में 200 सीटे भी हासिल नहीं कर रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल जमीन में घुसता चला जा रहा है। प्रो़ यादव ने कहा कि भाजपा के 400 पार नारे में कोई दम नहीं क्यों कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल जमीन में घुसता चला जा रहा है इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने 400 पर का नारा सिर्फ कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए दिया हुआ है जबकि हकीकत में भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से हारती हुई दिख रही है।

उन्होंने कहा कि 7 मई को तीसरे चरण का संसदीय चुनाव संपन्न होगा जिसमें इंडिया गठबंधन की मजबूती पहले के दो चरणों के मुकाबले और

अधिक मजबूत हो जाएगी हालांकि पहले और दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद इंडिया गठबंधन बेहद मजबूत माना जा रहा है। तीसरे चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को बहुत अधिक मत हासिल होंगे। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के रोड शो के बाद हुए हंगामे पर श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हताश और निराश है और मैनपुरी संसदीय सीट पर भाजपा उम्मीदवार कम से कम 5 लाख से अधिक वोटो से हारने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जमानत बचाने के लाले पड़े हुए हैं इसलिए जातीय विद्वेष फैलाने की कोशिश करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता व कार्यकर्ता समाजवादियों को भड़काने का काम कर रहे हैं। उन्होंने अपील की कि समाजवादी पार्टी का कोई कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के भड़काने वाली नीति में शामिल ना हो केवल वह समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह साइकिल पर बड़े पैमाने पर मतदान करके भाजपा के भड़काने वाले नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करें। प्रोफेसर यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मुद्दों पर नहीं बोलते हैं उन मुद्दों पर बोलते हैं जिससे जनता का कोई वास्ता नहीं होता है, जबकि आम जनमानस देश की उन समस्याओं को सुनना चाहता है जो वाकई में उससे जुड़ी हुई होती हैं भारतीय जनता पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री जनता के सामने ऐसे बयान करते हैं जो बिना सिर पैर के होते है। भाजपा की सत्ता से विदाई का समय आ गया है। प्रो़ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटावा की चुनावी रैली में अपनी बात कही है जब की आम जनमानस उनसे बेरोजगारी के मुद्दे पर उनकी राय सुनना चाहता था। दलितों का आरक्षण छीन लिया गया है इस पर प्रधानमंत्री की ओर से एक शब्द भी नहीं बोला गया है। प्रधानमंत्री की ओर से यह भी नहीं कहा गया है कि वह संविधान नहीं बदलना चाहते हैं।

'भ्रष्टाचारी' कांग्रेस ने आपदा में भी किया भाई-भतीजावाद: अनुराग

ऊना,एजेंसी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में कांग्रेसियों के बयान बाजी का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व से लेकर नीचे तक पढ़ने-लिखने की आदत नहीं है इसीलिए उन्हें भारतीय जनता पार्टी का विकास और अपना भ्रष्टाचार नहीं दिखता। श्री ठाकुर ने कहा कि हमने मात्र एक वर्ष में 20 हजार ग्रामीण आवास मंजूर कराए हैं। आपदा के समय त्वरित तौर पर 1762 करोड़ दिए गए। हमने मनरेगा में भी अलग से पैसे दिए लेकिन कांग्रेस ने तिरपाल बांटने में भी बंदर बांट करते हुए यह देखा कि कौन कांग्रेस का है कौन भाजपा का है। कांग्रेसी नेताओं ने तिरपाल बँटाई में भी भाई-भतीजावाद को प्राथमिकता दी। इन्होंने खुद तो आपदा पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया और केंद्र से मिली मदद का भी उपयोग नहीं कर पाए। श्री ठाकुर आज सर्वप्रथम ऊना और हरोली मंडल के पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में गए और उसके पश्चात धुसाड़ा में एक स्थानीय सम्मेलन में शामिल हुए।

श्री ठाकुर ने कहा,''आज चुनाव परिणाम से पहले हीं कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी है इसलिए वह कभी ईवीएम तो कभी इलेक्शन कमीशन तो कभी कुछ और पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। कांग्रेस तो झूठ, भय और भ्रष्टाचार से आगे बढ़कर अब डीप फेक का उपयोग कर रही है। कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों का आलम यह है कि आज उन्हें समर्थन भारत से नहीं बल्कि पाकिस्तान से मिल रहा है। विदेशी ताक़तें कांग्रेस से अपनी उम्मीदें लगाए बैठी हैं लेकिन भारतीय जनता अब कांग्रेस

के हाथों में देश कभी नहीं देगी। यह वही कांग्रेस है जो सैन्य खरीद में भी भ्रष्टाचार करती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना को कमजोर बनाना चाहती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना के पराक्रम पर सवाल उठाती है और कसाब जैसे आतंकवादी के पकड़े जाने के बाद भी पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं करती है। श्री ठाकुर ने कहा कि आपदा से पहले कोविड काल में भी मैंने सिर्फ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, सिलेंडर, पीपीई किट, मास्क और जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई थीं। हमारी संस्कृति आपदा में राजनीति करने की नहीं है लेकिन कांग्रेस वाले आपदा के समय और नीचे गिरने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को इतने बड़े-बड़े प्रोजेक्ट मिले हैं जिनकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। 1762 करोड रुपए के एम्स अस्पताल के बाद किसे पता था कि हम अपने ऊना के लिए 500 करोड़ का पीजीआई अस्पताल भी मंजूर करवा लेंगे। लेकिन यह सब हमने मोदी जी के नेतृत्व में संभव कराया है। आज हमारा संसदीय क्षेत्र मेडिकल टूरिज्म का हब बनने वाला है। इससे यहां रोजगार और स्वरोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार आज हमारे यहां सभी बड़े शैक्षणिक संस्थान हैं और अब प्रदेश का पहला सिंथेटिक हॉकी फील्ड भी हम ऊना में हीं बनाने जा रहे हैं। आज हमने दौलतपुर चौक तक रेलवे लाइन पहुंचा दी है और उसका विद्युतीकरण भी किया है। श्री ठाकुर ने कहा, ''जब कांग्रेस की सरकार में मैं यहां से सांसद था तब मैं लड़कर यहां प्रोजेक्ट लाता था तब भी उस समय की कांग्रेस की सरकार उन्हें लागू नहीं करती थी। लेकिन मोदी जी की सरकार में मैंने प्रोजेक्ट भी लाया और जयराम जी की सरकार में उसे लागू भी कराया। इसी प्रकार आज अगर हिमाचल के उद्योगों में सात लाख लोग कार्यरत हैं तो वह श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की सरकार और श्री प्रेम कुमार धूमल जी की सरकार में संभव हुआ था। यह औद्योगिक पैकेज सर्वश्री अटल और धूमल की सरकार के समय 2002 में मिला था। उसके बाद से अगर कोई औद्योगिक पैकेज मिला है तो बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क के रूप में मिला है जो मोदी जी ने दिया है। इससे 30000 और लोगों को रोजगार मिलेगा।

मिजोरम में मानसून पूर्व आंधी, ओलावृष्टि से लगभग 1,400 घर हुए क्षतिग्रस्त

आइजोल,एजेंसी। मिजोरम के राज्य आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि एक अप्रैल से राज्य के दूरदराज इलाकों में मानसून पूर्व तूफान, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण लगभग 1,400 घर नष्ट हो चुके हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि मिजोरम-म्यांमार-बंगलादेश सीमा पर राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित लांगतलाई जिला सर्वाधिक प्रभावित हुआ है, जहां गुरुवार को ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण कम से कम 209 इमारतें और ढांचे तबाह हो गए। तबाह हुए 209 इमारतों और ढ़ाचों में से 62 म्यांमार शरणार्थियों के राहत शिविर हैं। सिर्फ तुइथुम्हनार गांव में ही कम से कम 78 घर क्षतिग्रस्त हुए (18 राहत शिविरों सहित), जबकि चामदूर पी-1 और वावम्बुक-2 में क्रमश: 25 और 24 घर क्षतिग्रस्त हुए। वाथुआमपुई गांव में बंगलादेशी शरणार्थियों के लगभग 21 अस्थायी घर और हमावंगबू और लुंगहौका गांवों में क्रमश: 12 और 10 घर के साथ-साथ जिले के आठ अन्य गांवों में 41 आवासीय घर ओलावृष्टि और तेज हवाओं के कारण क्षतिग्रस्त

हो गए। सोमवार को आइजोल पहुंची एक रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को मणिपुर सीमा पर सैतुअल जिले के उत्तरी खावलेक गांव में ओलावृष्टि और तेज हवा से 90 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में से एक उत्तरपूर्वी ख्वाज़ावल जिला है, जहां ओलावृष्टि और तेज हवाओं से 128 घर तबाह हो गए। कम से कम 68 घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिसमें सियालहॉक गांव में पांच घर पूरी तरह से नष्ट हो गए और त्लांगपुई गांव में 55 घर क्षतिग्रस्त हो गए। सियालहॉक के ग्राम नेताओं ने कहा कि अनानास और संतरे की खेती के बड़े क्षेत्र तबाह हो गए और गांव, जो राज्य में फलों का प्रमुख उत्पादक रहा है, प्रकृति के रोष के कारण इस वर्ष अनानास और संतरे की फसल में प्रतिकूल प्रभाव देखने का अनुमान है। आइजोल जिले में ओलावृष्टि, तेज हवा और आंधी के कारण एक अप्रैल से कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। राज्य के सभी 11 जिले तेज हवा और ओलावृष्टि के साथ मानसून पूर्व आंधी से प्रभावित हुए हैं।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)